राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!
गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 295
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
गुरुवार 18 सितंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236



मुख्य अपडेट
पेज 3 'पत्थर व्यापारी के बेटे शशांक की बरामदगी के बाद पुलिस कमिश्नर
पेज 4 ग्राम प्रधान के नाम से बनी फर्जी फेसबुक आईडी, मुकदमा दर्ज
पेज 6 ओमान के खिलाफ मैच में बुमराह को आराम दे सकती है भारतीय

## संक्षिप्त खबरें

### गोरखपुर में नीट छात्र के हत्यारोपी का एनकाउंटर

**गोरखपुर।** गोरखपुर में नीट छात्र की हत्या के आरोपी पशु तस्कर को पुलिस ने एनकाउंटर में गिरफ्तार कर लिया। कुशीनगर में तस्कर के दोनों पैर पर दो गोली मारी। पुलिसवाले कंधे पर टांगकर उसे अस्पताल ले गए। इसके अलावा 2 और तस्करों को गिरफ्तार किया गया। तीनों एक ही बाइक से जा रहे थे। गोरखपुर के एसएसपी राजकरण नय्यर ने बताया- एनकाउंटर बुधवार दोपहर 2 बजे रामकोला रोड पर हुआ। ऑपरेशन में पिपराइच और कुशीनगर पुलिस की टीम भी थी। रहीम नाम का एक तस्कर गोली लगने से घायल हो गया।

### आतंकी पन्नू का दावा- अमृतसर में खालिस्तानी नारे लिखे

**अमृतसर।** खालिस्तान समर्थक संगठन सिख फॉर जस्टिस ने अमृतसर में विवादित गतिविधियों का दावा किया है। संगठन के प्रमुख पन्नू का दावा है कि उसने अमृतसर जिला कोर्ट परिसर की दीवारों पर खालिस्तान के नारे लिखवाए और गांधी परिवार के खिलाफ स्प्रे-पेंट से नारे भी लगाए। पन्नू ने वीडियो में कहा कि 1984 के कातिलों को पनाह देने वाले राहुल गांधी, राजा वड़िंग और सांसद गुरजीत सिंह औजला हमारे निशाने पर हैं। संगठन ने अमृतसर रेलवे स्टेशन पर भी पीएम मोदी के खिलाफ नारे लिखे। पन्नू ने दावा किया कि वे आने वाली दिवाली पर अयोध्या से हरिद्वार तक ब्लैकआउट करेंगे।

## बंगाल में 20 दिनों से लापता छात्रा की लाश मिली

▸ टुकड़े-टुकड़े करके पानी में फेंका; स्कूल टीचर गिरफ्तार, किडनैपिंग के बाद हत्या का आरोप

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के रामपुरहाट इलाके में 20 दिनों से लापता 7वीं क्लास की छात्रा की सड़ी हुई लाश मंगलवार को बोरे में मिली। शव के टुकड़े-टुकड़े करके पानी में फेंका गया था। पुलिस ने बुधवार को छात्रा के स्कूल टीचर मनोज कुमार पाल को गिरफ्तार किया है। छात्रा के परिवार ने आरोपी मनोज कुमार पाल पर किडनैपिंग के बाद बेटी की हत्या का आरोप लगाया है। न्यूज एजेंसी ने एक पुलिस अधिकारी के हवाले से बताया कि टीचर कई दिनों से लड़की का यौन शोषण कर रहा था। अधिकारी के मुताबिक, लड़की के माता-पिता ने बताया कि टीचर ने उनकी बेटी को कई बार गलत तरीके से छुआ था। लड़की ने खुद अपनी मां को इसकी जानकारी दी थी। उसके लापता होने के बाद, छात्रा की मां ने पुलिस को मामले की सूचना दी थी।

## ट्रम्प ने भारत-पाक समेत 23 देशों को ड्रग तस्कर बताया

### कहा- ये खतरनाक केमिकल बना रहे, इससे अमेरिका में इमरजेंसी जैसे हालात

**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने 23 देशों को ड्रग तस्करी और अवैध ड्रग प्रोडक्शन करने वाले देशों की लिस्ट में शामिल किया है। इन देशों में भारत, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, चीन, कोलंबिया, बोलिविया और वेनेजुएला जैसे देश शामिल हैं।

ट्रम्प ने सोमवार को अमेरिकी संसद को सौंपी गई प्रेसिडेंशियल डिटरमिनेशन रिपोर्ट में कहा कि इन देशों में अवैध ड्रग्स उत्पादन और तस्करी अमेरिका और उसके नागरिकों की सुरक्षा के लिए खतरा हैं।

ट्रम्प ने कहा कि ड्रग तस्करी, खासकर फेंटेनाइल जैसे घातक ड्रग्स ने अमेरिका में नेशनल इमरजेंसी जैसे हालात पैदा कर दिए हैं। यह पब्लिक हेल्थ संकट का कारण बन रहा है और 18 से 44 साल के अमेरिकियों की मौत की प्रमुख वजह है।

### चीन को फेंटेनाइल ड्रग्स का सबसे बड़ा अड्डा बताया

ट्रम्प ने कहा कि चीन फेंटेनाइल जैसे खतरनाक ड्रग्स बनाने वाले केमिकल का सबसे बड़ा सोर्स है। इसके साथ ही वो मेथामफेटामाइन जैसे अन्य नशीले पदार्थों को भी बढ़ावा दे रहा है। ट्रम्प ने चीन से इन रसायनों को रोकने और तस्करों पर कार्रवाई करने को कहा।



वहीं, अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा कि अफगानिस्तान, बोलिविया, म्यांमार, कोलंबिया, और वेनेजुएला जैसे देश ड्रग्स के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने में पूरी तरह नाकाम रहे हैं। इन देशों से ड्रग कंट्रोल के लिए और सख्त कदम उठाने की मांग की गई है।

हालांकि मंत्रालय ने क्लियर किया कि इस लिस्ट में किसी देश का नाम होने का मतलब यह नहीं कि उसकी सरकार ड्रग्स के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही। ट्रम्प ने अफगानिस्तान पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि तालिबान ने अवैध ड्रग्स पर प्रतिबंध का ऐलान किया था, लेकिन ड्रग्स का भंडार और मेथामफेटामाइन का प्रोडक्शन जारी है। यह ड्रग्स अंतरराष्ट्रीय बाजारों में पहुंच रहे हैं और इससे होने वाली इनकम से इंटरनेशनल क्रिमिनल गैंग्स की फंडिंग हो रही है।

ट्रम्प ने कहा कि तालिबान के कुछ सदस्य इस व्यापार से मुनाफा कमा रहे हैं, जिसकी वजह से अफगानिस्तान को ड्रग कंट्रोल करने में नाकाम माना गया है।

## देशभर में होगा 'एसआईआर'

### आधे से ज्यादा वोटर्स को पेपर नहीं दिखाने होंगे
### 1987 के बाद जन्मे नए वोटर्स को पेरेंट्स के दस्तावेज दिखाने होंगे

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने बुधवार को बताया कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन बिहार की तर्ज पर देशभर में होगा, लेकिन ज्यादातर राज्यों में आधे से ज्यादा मतदाताओं को किसी प्रकार का दस्तावेज दिखाने की जरूरत नहीं होगी।

ऐसा इसलिए क्योंकि उनके नाम पिछली एसआईआर की वोटर लिस्ट में शामिल हैं।

ज्यादातर जगह यह प्रक्रिया 2002 से 2004 के बीच हो गई थी। जिन लोगों के नाम उस समय की वोटर लिस्ट में थे, उन्हें अपनी जन्मतिथि या



जन्मस्थान साबित करने के लिए कोई नया कागज नहीं देना होगा। जो नए वोटर बनना चाहते हैं, उन्हें डिक्लेरेशन फॉर्म भरना होगा। इसमें उन्हें यह बताना होगा कि वे भारत में कब जन्मे हैं। 1987 के बाद जन्मे लोगों को पेरेंट्स के दस्तावेज दिखाने होंगे

### करीब दो लाख नए बीएलओ जोड़े जाएंगे

चुनाव आयोग सभी राज्यों में एक साथ एसआईआर कराना चाहता है। हालांकि बिहार से मिले अनुभवों के आधार पर आयोग अपनी प्रक्रियाओं में भी कुछ सुधार करेगा।

आयोग के सूत्रों के मुताबिक, करीब दो लाख नए बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) जोड़े जाएंगे।

सुनिश्चित किया जाएगा कि 250 घरों पर कम से कम एक चुनाव प्रतिनिधि जरूर हो। हाल में हुई बैठक में राज्यों के निर्वाचन अधिकारियों से मिले इनपुट के आधार पर राष्ट्रव्यापी एसआईआर का रोडमैप तैयार किया जा रहा है।

इसमें मतदाता फॉर्म भरने, दावे और आपत्तियां दर्ज करने और दस्तावेजों की समीक्षा के बाद ड्राफ्ट और फाइनल मतदाता सूची जारी करने की टाइमलाइन भी बनाई जाएंगी। आयोग के सूत्रों ने कहा कि देशव्यापी एसआईआर की कवायद का बिहार विधानसभा चुनाव से कोई संबंध नहीं है।

### जम्मू-कश्मीर के अलगाववादी नेता अब्दुल गनी भट का निधन

**श्रीनगर।** हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के पूर्व चेयरमैन प्रोफेसर अब्दुल गनी भट का 90 साल की उम्र में बुधवार को निधन हो गया। वह कुछ समय से बीमार थे और उत्तरी कश्मीर के बारामुला जिले के सोपोर में अपने घर पर ही उन्होंने आखिरी सांस ली। परिवार ने बताया कि भट का निधन अल्प बीमारी के बाद हुआ। उनके अंतिम संस्कार और जनाजे की जानकारी परिवार जल्द देगा। 1935 में जन्मे भट हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के संस्थापक नेताओं में से एक थे और लंबे समय तक अलगाववादी राजनीति से जुड़े रहे। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से फारसी और लॉ की डिग्री प्राप्त करने वाले प्रो. भट कश्मीर के पुराने और कट्टर अलगाववादी नेताओं में एक थे।

## ईवीएम पर अब कैंडिडेट्स के रंगीन फोटो लगेंगे

▸ नाम भी बड़े अक्षरों में लिखा जाएगा, ताकि वोटर आसानी से पढ़ सकें; बिहार चुनाव से शुरुआत

**नई दिल्ली।** ईवीएम बैलेट पेपर पर अब उम्मीदवारों के रंगीन फोटो होंगे।

इसके अलावा प्रत्याशियों की नंबरिंग और उनका फॉन्ट साइज भी बड़ा होगा, जिससे वोटर वोट डालने के पहले उसे अच्छे से पढ़ और देख सकें।

न्यूज एजेंसी के अनुसार चुनाव आयोग इसकी शुरुआत बिहार विधानसभा चुनाव से करेगा। इसके लिए ईसी ने एक गाइडलाइन जारी की है। निर्वाचन आयोग ने बताया कि इनके अलावा मतदाताओं की सुविधा और चुनावी प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए पिछले छह महीनों में 28 पहल की हैं।

ईवीएम बैलेट पेपर में सभी उम्मीदवारों के नाम, चुनाव चिह्न और फोटो होते हैं। मतदाता इन्हें देखकर वोट देता है।

ईसी ने बताया, निर्वाचन नियम, 1961 के नियम 49बी के तहत ईवीएम बैलेट पेपर की डिजाइन और प्रिंटिंग संबंधी मौजूदा दिशानिर्देशों में संशोधन किया गया है, ताकि उनकी स्पष्टता और पठनीयता को बढ़ाया जा सके।



## हैप्पी मॉर्निंग

पत्नी- सुनो, आज कुछ अलग बात करो न पति- क्या बोलूं?
पत्नी- जो भी मुझे देखकर तुम्हें याद आए पति- रहने दो
पत्नी- प्लीज बोलो न
पति-
भूत-पिशाच निकट नहीं आवे, महावीर जब नाम सुनावे....



## शायरी

अगर फ़ुर्सत मिले पानी की तहरीरों को पढ़ लेना
हर इक दरिया हज़ारों साल का अफ़साना लिखता है

## सुप्रीम कोर्ट बोला- पराली जलाने वालों की गिरफ्तारी क्यों नहीं

▸ जुर्माना नाकाफी; कहा- किसान हमारे अन्नदाता, लेकिन पर्यावरण को बचाना भी जरूरी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण और पराली जलाने से संबंधित मामले पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि किसान हमारे अन्नदाता हैं लेकिन पर्यावरण को बचाना भी जरूरी है। अगली सुनवाई 8 अक्टूबर को होगी।

कोर्ट ने पंजाब सरकार से पूछा कि जो किसान पराली न जलाने के सरकारी आदेश का उल्लंघन करते हैं, उनको गिरफ्तार क्यों नहीं करते? सिर्फ जुर्माना लगाने से काम नहीं चलेगा, किसानों को जवाबदेह बनाना जरूरी है। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने कहा कि देश की प्रदूषण नियंत्रण एजेंसियां और राज्य सर्दियों से पहले तीन हफ्ते में वायु प्रदूषण से निपटने के उपाय बताएं।

बेंच ने कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट, सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल



बोर्ड और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों से कहा कि हर साल सर्दियों में प्रदूषण का लेवल खतरनाक स्तर पर पहुंच जाता है, इसलिए समय रहते कदम उठाना जरूरी है।

### सुप्रीम कोर्ट बोला- एजेंसियां-राज्य 3 महीने में वैकेंसी भरें

कोर्ट ने उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान जैसे राज्यों को फटकार लगाई। बेंच ने कहा कि इन राज्यों के प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों में लंबे समय से खाली पड़े पद तीन महीने के अंदर भरे जाएं।

इसके अलावा, कोर्ट ने CAQM और CPCB को भी निर्देश दिया कि वे अपने यहां खाली पड़े पदों पर भी 3 महीने के अंदर भर्ती करें। वहीं पदोन्नति से जुड़ी भर्तियों के लिए 6 महीने का समय तय किया गया है।

### 'नौकरी चोर, गड्डी छोड़'




भारतीय युवा कांग्रेस के सदस्यों ने नई दिल्ली में बेरोजगारी के मुद्दे पर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ 'नौकरी चोर, गड्डी छोड़' विरोध प्रदर्शन किया।

## कर्नाटक में एसबीआई से 21 करोड़ की डकैती

### सेना जैसी वर्दी में आए लुटेरे; स्टाफ को बंधक बनाया, 20 किलो सोना लेकर फरार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के विजयपुरा की एसबीआई ब्रांच में 21 करोड़ से ज्यादा की डकैती हो गई। बैंक अफसरों के मुताबिक, इसमें 1.04 करोड़ कैश और 20 करोड़ से ज्यादा का 20 किलो सोना शामिल है। पांच हथियारबंद लुटेरे मंगलवार शाम को बैंक में लूट करके फरार हो गए।

एसपी लक्ष्मण बी निंबारगी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को शक है कि आरोपी महाराष्ट्र की ओर भागे हैं। उनकी तलाश जारी है।

### सेना जैसी वर्दी पहनकर आए थे लुटेरे

पुलिस के अनुसार, लुटेरे सेना जैसी ड्रेस और मास्क पहनकर आए थे।

घटना शाम 6:30 से 7:20 बजे के बीच हुई। तीन लोग बैंक के अंदर घुसे और दो बाहर खड़े रहे। उन्होंने बैंक मैनेजर, कैशियर और कर्मचारियों को बंधक बनाकर हाथ-पैर बांध दिए।

इसके बाद लुटेरों ने कैश और सोना बैग में भरा और बैंक को बाहर से ताला लगाकर भाग निकले। घटना के दौरान गोलियां भी चलाई गईं। इस दौरान बैंक ग्राहकों के लिए बंद था और गार्ड छुट्टी पर था।

## मानसून एक्टिव : छत्तीसगढ़ के कवर्धा में ट्रैक्टर समेत 7 बहे

नई दिल्ली, देहरादून, श्रीनगर। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और बिहार में मानसून अभी भी एक्टिव है। मौसम विभाग ने इन राज्यों में बुधवार को भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

हालांकि राजस्थान, गुजरात और पंजाब से मानसून की वापसी शुरू हो गई है।

मंगलवार को उत्तराखंड के देहरादून और अन्य इलाकों में बादल फटने से भारी तबाही हुई। बारिश और आपदा में 15 लोगों की मौत हो गई और 16 लोग अभी भी लापता हैं।

▸ वैष्णो देवी यात्रा शुरू, दोनों रूट खुले, लैंडस्लाइड के कारण 22 दिन से बंद थी


जम्मू कश्मीर के कटरा में 22 दिन से बंद वैष्णो देवी यात्रा आज (17 सितंबर) से शुरू हो गई। 26 अगस्त को यात्रा मार्ग पर अर्धकुंवारी के पास लैंडस्लाइड के बाद से यात्रा बंद थी।

### उत्तराखंड : एसडीआरएफ सचिव बोले अब तक 900 लोगों का रेस्क्यू

सितंबर की रात भारी बारिश हुई। लगभग 15 लोग मरे, कुछ घायल हैं और कुछ लापता हैं। सभी रेस्क्यू टीमें, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ मैदान में हैं। अब तक 900 से ज्यादा लोगों को बचाया जा चुका है। इस इलाके के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है।



## अर्थसार



सेंसेक्स:
82,693.71
+313.02 (0.38%)
निफ्टी:
25,330.25
+91.15

## मौसम



अधिकतम : 33 डिग्री से0
न्यूनतम : 26 डिग्री से0
सूर्योदय शुक्रवार : 6 : 09
सूर्यास्त गुरुवार : 6 : 24

**एनकाउंटर**

### गाजियाबाद में एसटीएफ के साथ 15 मिनट फायरिंग; गोल्डी बराड़ गैंग के थे दोनों बदमाश

## एक्ट्रेस दिशा पाटनी के घर फायरिंग करने वाले मारे गए

गाजियाबाद। बरेली में दिशा पाटनी के घर फायरिंग करने वाले दोनों बदमाश मारे गए हैं। गाजियाबाद में बुधवार शाम नोएडा एसटीएफ, सीआई यूनिट दिल्ली, हरियाणा पुलिस की टीम ने दोनों का एनकाउंटर कर दिया।

बदमाशों की पहचान रोहतक के रविंद्र और सोनीपत के अरुण के रूप में हुई। ये रोहित गोदारा और गोल्डी बराड़ के गैंग के थे। दोनों पर एक-एक लाख का इनाम था।

एसटीएफ के मुताबिक, बुधवार की शाम करीब 7.22 बजे पर गाजियाबाद के ट्रॉनिका सिटी एरिया में चेकिंग कर रहे थे। दो लड़के बाइक




पर दिखे, जो चेकिंग देखकर भाग रहे थे। पीछा करने पर उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। गोली लगने से 4 पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस जीप पर भी 4 गन शॉट लगे।

टीम ने खुद को बचाते हुए बदमाशों पर फायरिंग की। 15 मिनट तक दोनों तरफ से करीब 25 से 30 राउंड फायर हुए।

पुलिस की गोली से अरुण और रविंद्र घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मौके से ग्लॉक, जिगाना पिस्टल और कारतूस बरामद हुए हैं। एक सफेद अपाचे मिली है। माना जा रहा है कि यही वो बाइक है, जिस पर वह बदमाश बरेली आए और फायरिंग करके वापस लौट गए थे।

एसटीएफ के अनुसार, दोनों बदमाश सीसीटीवी में कैद हुए थे। दिशा पाटनी के घर फायरिंग करते वक्त अरुण सफेद शर्ट पहने था, रविंद्र नीले रंग की टीशर्ट में था। अरुण और रविंद्र पेशेवर शूटर थे।

मौके पर गाजियाबाद के एडिशनल पुलिस कमिश्नर आलोक प्रियदर्शी, डीसीपी देहात सुरेंद्रनाथ तिवारी, एसटीएफ नोएडा के एडिशनल एसपी राजकुमार मिश्रा और हरियाणा एसटीएफ के अधिकारी भी हैं।

एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश ने बताया, दोनों बदमाशों की पहचान होने के बाद पुलिस मुठभेड़ हुई है। बदमाश घायल हुए, उन्हें हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां मृत घोषित कर दिया गया।

## प्रतापगढ़ में कार ने 6 को रौंदा, 3 की मौत

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ में 100 की स्पीड से दौड़ रही कार ने 6 लोगों को रौंद दिया। हादसे में 3 की मौत हो गई, जबकि 3 घायल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे के वक्त लोग सड़क किनारे दुकान पर खड़े थे, तभी कार अचानक बेकाबू हो गई।

कार पहले डिवाइडर से टकराई, फिर लोगों को टक्कर मारते हुए रोड किनारे खड़ी पिकअप में जा भिड़ी। इसके बाद कार करीब 5 फीट हवा में उछली और पलटते हुए 20 मीटर दूर दुकान में घुस गई। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई।

आनन-फानन में घायलों को नजदीक सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर




दिया। दो लोगों को रायबरेली एम्स रेफर किया गया। वहां इलाज के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया।

हादसा मंगलवार को प्रयागराज-लखनऊ हाईवे पर मानिकपुर थाना क्षेत्र के मीरगढ़वा चौराहे पर हुआ। कार का एयरबैग खुल जाने से चालक की जान बच गई। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है। बुधवार को इस घटना का सीसीटीवी सामने आया है।

# 'पत्थर व्यापारी के बेटे शशांक की बरामदगी के बाद पुलिस कमिश्नर और अधिकारियों का आभार'





वकार सैफी विशाल इंडिया

**ग्रेटर नोएडा।** गाजियाबाद के पत्थर व्यापारी मनीष गुप्ता के बेटे शशांक की सकुशल बरामदगी के बाद, बुधवार को उनके परिवार ने गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह मिल कर का आभार व्यक्त किया। इस सफल ऑपरेशन में शामिल रहे पुलिस अधिकारियों का भी आभार व्यक्त किया। यह ऑपरेशन एक बड़ी सफलता के रूप में सामने आया है, जिससे पुलिस की तत्परता और कार्यशैली पर जनता का विश्वास और मजबूत हुआ है।

बता दे कि मनीष गुप्ता अपने परिवार और व्यापारी संगठन के लोगों के साथ सेक्टर 108 स्थित पुलिस कार्यालय पहुंचकर पुलिस कमिश्नर से मुलाकात की और उनका व उनकी टीम का आभार व्यक्त किया।

उनका कहना था कि बेटे के गायब होने और बदमाशो के द्वारा पैसे की मांग के बाद के दिन से उलझन और आशंकाओं से भरे थे, परिवार को तब राहत मिली जब ग्रेटर नोएडा पुलिस ने बेटे के सकुशल बरामद होने की जानकारी दी। बेटे को देखकर पिता की आंखों से आंसू निकल पड़े और गले लगा लिया। इस दृश्य ने आसपास मौजूद सभी लोगों को भावुक करने वाला था। मनीष गुप्ता कहते है कि मैं ग्रेटर नोएडा पुलिस का बहुत ज्यादा आभारी हू पुलिस ने रात दिन एक करके बच्चे को तलाश किया है जिसका रिज्ल्ट है कि आज मेरा बच्चा सुरक्षित मेरे घर पर है।

शशांक के लापता होने की सूचना उसके दादा ने 9 सितंबर को दनकौर पुलिस को दी थी। जिसमे बताया कि शशांक की बलेनो कार यमुना एक्सप्रेसवे पर लावारिस हालत में मिली थी, जिससे संकेत मिलता है कि उसे बहला-फुसलाकर या किसी अन्य वाहन में ले जाया गया होगा। मनीष गुप्ता का कहना है कि पुलिस ने 2 दिन के अंदर शशांक का पता लगा लिया था और तीसरे दिन बच्चा हमारे घर आ गया था। उन्होंने बताया कि आज सब लोग सीपी मैम से मिले और डीसीपी समेत उन अधिकारियो से मिलकर उनका आभार व्यक्त किया।

ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा

# ग्रेटर नोएडा में किशोर की मौत, दो अन्य घायल

जेवर। ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे (केजीपी) पर बुधवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। एक ट्रक ने आगे चल रही कार को टक्कर मार दी, जिससे कार में सवार 17 वर्षीय किशोर विकास की मौत हो गई।

इस घटना में दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मृतक के परिजनों की शिकायत पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

बुलंदशहर जिले के नरोरा निवासी प्रकाशो देवी ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा विकास बुधवार को एक गाड़ी में सवार होकर हरियाणा के पलवल जा रहा था।

जब उनकी गाड़ी दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक्सप्रेसवे से गुजर रही थी, तभी यह हादसा हुआ।

प्रकाशो देवी के अनुसार, पीछे से आ रहे एक ट्रक ने उनकी गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि विकास और गाड़ी में सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

सभी घायलों को ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने विकास को मृत घोषित कर दिया।

मृतक की मां ने आरोप लगाया है कि यह हादसा ट्रक चालक की लापरवाही के कारण हुआ। हादसे में घायल हुए अन्य दो लोगों की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक की मां की शिकायत पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है और फरार आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# ग्रेटर नोएडा में ऑटोमोबाइल सेंटर पर मारपीट

## जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच हुई झड़प, केस दर्ज

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के बादलपुर थाना क्षेत्र में एक ऑटोमोबाइल सर्विस सेंटर पर जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हुई। यह घटना 14 तारीख को हुई और इसका वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश में जुट गई है। पुलिस के अनुसार, नरेश भाटी और विकल भाटी, जो रिश्ते में चाचा-भतीजा हैं, के बीच दादरी थाना क्षेत्र में एक जमीनी विवाद चल रहा है। इसी विवाद को सुलझाने के लिए दोनों पक्ष युगल ऑटोमोबाइल्स में बातचीत करने के लिए एकत्रित हुए थे।बातचीत के दौरान विकल भाटी पक्ष के लोगों ने नरेश भाटी पर हमला कर दिया और उनके साथ मारपीट की। इस हमले में नरेश भाटी उर्फ बबलू भाटी घायल हो गए। नरेश भाटी की तहरीर पर विकल भाटी और सात अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और अग्रिम विधिक कार्यवाही कर रही है।

# प्राधिकरण ने सिक्का हाउस को जारी किया नोटिस

## 15 दिन में सभी समस्याओं का निराकरण, 1 महीने में स्ट्रक्चरल ऑडिट कराया जाए

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर-78 ग्रुप हाउसिंग भूखंड जीएच-1सी सिक्का हाउस को अंतिम नोटिस जारी किया है। साथ ही वॉर्निंग दी कि 15 दिनों में नोटिस का जवाब दिया जाए और 1 महीने में बहुमंजिला भवन के स्ट्रक्चर ऑडिट के लिए प्राधिकरण में सम्मिलित पैनल में किसी एक कंपनी से करवाकर प्राधिकरण को अवगत कराए। अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण स्तर पर नियमानुसार एक्शन लिया जाएगा। यदि सोसाइटी में कोई अप्रिया घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी प्राधिकरण की नहीं होगी।



प्राधिकरण ने बताया कि 18 जून 2025 को एक पत्र मिला था।

जिसके तहत सोसाइटी में तहखाने के कॉलम्स व बीम से पानी लिकेज, लिफ्ट का रखरखाव, कामर्शियल ब्लाक में बैंक स्थापित करने, पार्किंग का आवंटन न करने व स्वीकृति मानचित्र के अनुसार विपरीत स्थल निर्माण किए जाने से संबंधित समस्याओं का निराकरण करायें जाने और स्ट्रक्चर ऑडिट करायें के संबंध में है।

प्राधिकरण ने बताया कि काफी समय बीत जाने के बाद भी संबंधित बिल्डर की ओर से अब प्राधिकरण को अवगत नहीं कराया गया।

यही नहीं नोटिस का जवाब तक नहीं दिया गया। ये बिल्डर की उदासीनता को दर्शाता है। ऐसे में बिल्डर को अंतिम नोटिस जारी किया जा रहा है।

जिसके तहत 15 दिनों के अंदर परियोजनाओं में व्याप्त उपरोक्त समस्याओं का निराकरण कराना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही एक महीने में स्ट्रक्चर ऑडिट करवाकर रिपोर्ट प्राधिकरण में सब्मिट की जाए।

# नोएडा में फर्जी दस्तावेज पर परीक्षा देने वाले गिरफ्तार

## दोस्त को पास कराने की साजिश, एक ही नाम, एक ही हस्ताक्षर; पकड़े गए दो युवक

**नोएडा।** दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड (डीएसएसएसबी) की ओर से लाइब्रेरियन पद के लिए सोमवार को फर्जी तरीके से परीक्षा देते दो युवकों को सेक्टर-58 थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों में से एक दूसरे साथी के नाम और पते से आवेदन करके नकल कराकर दूसरे साथी को पास कराना था। दिल्ली के वित्त विभाग के अनुभाग अधिकारी गुरुदत्त रंगा ने पुलिस को बताया कि कुछ माह पहले लाइब्रेरियन पद के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई थी। इच्छुक लोगों से आवेदन मांगे गए थे। इसी क्रम में सोमवार को सेक्टर-62 स्थित आईओएन डिजिटल जोन-एक में परीक्षा आयोजित की जा रही थी। परीक्षा तृतीय पाली में शाम पांच बजे से सात बजे आयोजित की गई। परीक्षा में बैठने के लिए जिला बागपत की बड़ौत तहसील क्षेत्र के लोहारी गांव निवासी नितिन कुमार ने भी आवेदन किया था।




### नाम व हस्ताक्षर एक जैसे

उन्होंने बताया कि वह केंद्र पर परीक्षा के दौरान प्रभारी के रूप में तैनात थे। तभी परीक्षा के दौरान पर्यवेक्षक विजय कुमार रावत और वरिष्ठ सहायक निरीक्षक नितिन यादव ने उन्हें बताया कि दो अभ्यर्थी संदिग्ध हैं। दो अभ्यर्थियों के एक ही नाम, एक ही हस्ताक्षर और एक ही पिता के नाम वाले हैं। दोनों का पता भी लगभग एक जैसा है। दोनों अभ्यर्थियों के फोटो अलग-अलग हैं, लेकिन उस पर नाम और हस्ताक्षर एक ही हैं। ई-प्रवेश पत्र की आगे की जांच में पता चला कि दोनों की जन्मतिथि एक ही थी और रोल नंबर क्रमांक के अनुसार थे।

### आधार कार्ड फर्जी निकले

दोनों की पंजीकरण पहचान पत्र लगभग एक जैसे थे। केवल एक अंक का अंतर था। दूसरे अभ्यर्थी ने अपना नाम नितिन उर्फ राहुल कुमार लिखा था। जांच के बाद इसकी सूचना डीएसएसएसबी के उच्च अधिकारियों को दी गई। ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। डीएसएसएसबी अधिकारियों ने दोनों आधार कार्ड की जांच के दौरान पाया कि यह आधार कार्ड लगभग 50-60 वर्ष की आयु के व्यक्ति का है।

एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया। एफआईआर दर्ज कर मंगलवार को दोनों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### दोस्त को पास कराने का था प्रयास

पुलिस के मुताबिक नितिन और राहुल दोनों दोस्त हैं। नितिन गणित में होशियार है, लेकिन सामान्य ज्ञान में कमजोर है, जबकि उसका दोस्त राहुल गणित में कमजोर और सामान्य ज्ञान की अधिक जानकारी है। नितिन को परीक्षा में पास कराने के लिए राहुल ने दोस्त नितिन के नाम से ही आवेदन किया। ताकि परीक्षा में पास बैठ सके और सामान्य ज्ञान के सवालों के सही जवाब लिखवा सके।

# ग्रेटर नोएडा में जंगल में मिले गोवंश के अवशेष

## हिंदू संगठनों ने जताया विरोध, अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

> ▸ त्रिलोक नागर ने बताया कि उन्हें सुबह जंगल में गोवंशों के अवशेष पड़े होने की जानकारी मिली थी।

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में अच्छेजा बुजुर्ग और चपरगढ़ गांव के पास स्थित जंगल में बुधवार को दो गोवंशों के अवशेष मिले।

इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने गौ सेवकों की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

अवशेष मिलने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। गौ सेवक त्रिलोक नागर ने बताया कि उन्हें सुबह जंगल में गोवंशों के अवशेष पड़े होने की जानकारी मिली थी। सूचना फैलते ही आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों लोग घटनास्थल पर जमा हो गए।

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए स्थानीय पुलिस भी भारी बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने भीड़ को समझा-बुझाकर शांत किया। उन्होंने बताया कि अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। प्रभारी ने जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया।

इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों और हिंदू संगठनों में आक्रोश है। गौ सेवकों ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान मोहित, गोविंद नागर, तनीष, राजेंद्र, सचिन और राजवीर सहित सैकड़ों लोग मौके पर मौजूद रहे।

# जेवर में दिव्यांगों, वरिष्ठ नागरिकों को मिले निः शुल्क उपकरण

## वी हेल्प यू संस्था ने किया वितरण, कई पदाधिकारी रहे मौजूद



**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जेवर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में बुधवार को दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को निशुल्क सहायक उपकरण वितरित किए गए।

यह वितरण वी हेल्प यू संस्था द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें व्हीलचेयर, कानों की मशीन, कमर व घुटनों की बेल्ट, छड़ी और पॉटी चेयर जैसे आवश्यक उपकरण शामिल रहे।

संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार ने बताया कि वी हेल्प यू जरूरतमंदों के लिए नियमित रूप से ऐसे वितरण शिविरों का आयोजन करती है। इससे पहले दनकौर के सरकारी अस्पताल, गांव परसौल और गांव महरेरा में भी इसी तरह के शिविर लगाए जा चुके हैं। राजकुमार ने यह भी जानकारी दी कि यदि किसी जरूरतमंद को इलेक्ट्रिक साइकिल या विशेष व्हीलचेयर की आवश्यकता है, तो वे सीधे संस्था से संपर्क कर सकते हैं। संस्था उन्हें ये सुविधाएं भी निशुल्क उपलब्ध कराएगी।इस अवसर पर संस्था के कई पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। इनमें राष्ट्रीय सचिव बबीता चौधरी, राष्ट्रीय उपसचिव तेजपाल शांत, राष्ट्रीय महासचिव सुंदर सिंह निर्मल, मंडल अध्यक्ष रविंद्र प्रधान, मंडल सचिव बलराज गौतम, घनश्याम सिंह, कौशिक, वीरेंद्र सिंह और श्याम सिंह निर्मल प्रमुख थे।

## ट्रक की टक्कर से पत्नी की मौत, पति घायल

**ग्रेटर नोएडा।** जेवर कोतवाली क्षेत्र में जहांगीरपुर स्थित गैस एजेंसी के समीप बेकाबू ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उसके पति को हल्की-फुल्की चोट लगी। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जेवर कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मूलरूप से बुलंदशहर के शाहपुर कलां गांव के रहने वाले बबलू सोमवार की शाम अपनी पत्नी सोनी को बाइक पर लेकर कासना जा रहे थे। जहांगीरपुर में गैस एजेंसी के समीप एक तेज रफ्तार ट्रक ने बबलू की बाइक में पीछे से टक्कर मार दी।हादसे में महिला बाइक से नीचे सड़क पर गिर गई। ट्रक का पहिया महिला के ऊपर से निकल गया। महिला का पति बबलू दूसरी तरफ गिरा था, जिससे बबलू को हल्की-फुल्की चोट लगी। हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला को जेवर के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एससी/एसटी अत्याचार निवारण, शादी अनुदान व छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा बैठक संपन्न

**गौतम बुद्ध नगर।** जिलाधिकारी मेधा रूपम ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण योजना समिति, शादी अनुदान योजना व पूर्व दशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति शुल्क प्रतिपूर्ति योजना की समीक्षा बैठक करते हुए संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये।



जिलाधिकारी ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि इस योजना का उद्देश्य पीड़ित वर्ग को त्वरित न्याय और आर्थिक-सामाजिक संरक्षण उपलब्ध कराना है। उन्होंने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र लाभार्थियों की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए तथा राहत और सहायता राशि वितरण की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

जिलाधिकारी ने शादी अनुदान योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि पात्र लाभार्थियों को पारदर्शी ढंग से समय से अनुदान की राशि उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। उन्होंने सामाज कल्याण विभाग को निर्देश दिये कि लाभार्थियों के सत्यापन कार्य को गति प्रदान करें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र वंचित न रहे।

जिलाधिकारी ने पूर्व-दशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति तथा शुल्क प्रतिपूर्ति योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि यह योजना विद्यार्थियों के शैक्षिक भविष्य को सुदृढ़ करने हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विद्यालय/कॉलेजों से आवेदन समय से प्राप्त कर पात्रता के आधार पर छात्रवृत्तियों का स्वीकृत वितरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, शुल्क प्रतिपूर्ति की प्रक्रिया को पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए की छात्रवृत्ति के प्रथम चरण में प्राप्त शुद्ध डाटा का समय से वेरीफाई करते हुए कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

इस महत्वपूर्ण बैठक में मा0 दादरी विधायक प्रतिनिधि दीपक यादव, मा0 जेवर विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह, मा0 विधान परिषद सदस्य प्रतिनिधि मनवीर नागर, जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, एसीपी मुख्यालय कल्पना गुप्ता, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी लवेश कुमार सिसोदिया तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# शार्ट न्यूज

## ग्रेटर नोएडा के जन सुविधा केंद्र में लगी आग

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर कस्बे में स्थित जन सुविधा केंद्र में बुधवार सुबह भीषण आग लग गई। सुबह लगभग 7 बजे लगी इस आग ने देखते ही देखते पूरे केंद्र को अपनी चपेट में ले लिया। दमकल की एक गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आधे घंटे में आग पर काबू पाया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। जिस समय आग लगी, जन सुविधा केंद्र बंद था। आग की लपटें बाहर आने पर लोगों को इसकी जानकारी हुई। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस और दमकल विभाग मामले की जांच कर रहे हैं। आग लगने के दौरान पूरे बाजार में लोगों की भीड़ जमा हो गई। गनीमत यह रही की हादसे में कोई भी जनहानि नहीं हुई ,हालांकि जन सुविधा केंद्र में रखा हुआ काफी सामान जलकर राख हो गया। जिला दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि सुबह आग लगने की सूचना मिली थी ।सूचना के बाद ही दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और पाया कि वहां एक जन सुविधा केंद्र में आग लगी हुई थी। हमारी टीम के द्वारा आग पर काबू पाया गया। इस हादसे में कोई भी जनहानि नहीं हुई है।

## नोएडा में पत्थर व डंडे से तोड़ा कार शीशा

**नोएडा।** नोएडा के थाना सेक्टर-113 क्षेत्र में एक व्यक्ति ने खड़ी कार का शीशा तोड़ दिया। इसका एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। फुटेज में साफ दिख रहा है कि युवक पत्थर से कार का फ्रंट शीशा तोड़ा है। इसके बाद आपने साथी के साथ वहां से फरार हो जाता है। पूरा मामला थाना सेक्टर-24 में 11 सितंबर से शुरू हुआ। यहां एक होटल में विकल यादव और दूसरे पक्ष अंकित के बीच विवाद हो गया। दोनों पक्षों के बीच मारपीट तक हुई। जिसके बाद पुलिस ने एक्शन लिया और विकल यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। 15 सितंबर 2025 को विकल यादव जिला कारागार से जमानत पर रिहा होने के बाद अपने साथी नितिन यादव से मिलकर अपने घर चला गया। 15 सितंबर की देर शाम अंकित व उसके साथियों द्वारा नितिन यादव बंद पड़े ऑफिस गया। वहां दोनों मिलकर तोड़फोड़ की। और वहां पर खडी कार की विंडशील्ड को डंडे और पत्थर से तोड़ा गया, जैसा कि सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है। मामला संज्ञान आने पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## दुकान के सामने ठेली लगाने पर विवाद

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के पतवाडी गोल चक्कर पर एक विवाद ने तूल पकड़ लिया। यहां दुकान के सामने ठेली लगाने को लेकर दुकानदारों ने दो भाइयों की पिटाई कर दी। घटना पतवाडी गोल चक्कर पर स्थित एक मिठाई की दुकान के बाहर हुई। दुकान के मालिक विकास उर्फ बबलू और नकुल उर्फ नंदू अच्छेजा गांव के रहने वाले हैं। उनकी दुकान के सामने प्रेमपाल और कल्याण नाम के दो सगे भाई अपनी ठेली लगाते हैं। दुकान के सामने ठेली लगाने को लेकर दुकानदार विकास का दोनों भाइयों से विवाद हुआ। इस दौरान दुकानदार भाइयों ने कल्याण और प्रेमपाल के साथ मारपीट की। किसी व्यक्ति ने इस घटना का वीडियो बना लिया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की। बिसरख पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए आरोपी दुकानदार विकास और बबलू को गिरफ्तार कर लिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस इलाके में दुकानों के सामने रेहड़ी-ठेली लगाने को लेकर रोजाना विवाद होता है। दुकानदार ठेली लगाने का विरोध करते हैं, जबकि ठेली वाले अपना रोजगार चलाने के लिए इधर-उधर ठेली खड़ी कर देते हैं।

## जनपद गौतमबुद्धनगर में 1 से 30 सितम्बर तक नो हेलमेट, नो फ्यूल विशेष अभियान

**गौतम बुद्ध नगर।** जिलाधिकारी मेधा रूपम ने बताया कि जनपद में सडक सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने तथा हेलमेट न पहनने के कारण सडक दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जनपद में दिनांक 01 सितम्बर, 2025 से 30 सितम्बर, 2025 तक नो हेलमेट, नो फ्यूल हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा-129 एवं उ0प्र0 मोटरयान नियमावली 1998 के नियम-201 के अनुसार सभी दो पहिया चालको एवं सवारियों के लिये भारतीय मानक ब्यूरो (बी0आई0एस0) द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रोटेक्टिव हेडगियर (हेलमेट) पहनना अनिवार्य है। इन प्राविधानों का उल्लंघन केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 177 के तहत दण्डनीय है, जिसमें जुर्माने का प्राविधान है।

## जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में विकास भवन में किसान दिवस का हुआ आयोजन

**गौतम बुद्ध नगर।** जनपद के कृषकों की कृषि से समबन्धित समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया जाता है। उक्त कम में आज जिलाधिकारी के निर्देशन में विकास भवन स्थित सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। उप कृषि निदेशक राजीव कुमार ने बताया कि प्रगतिशील कृषकों ने किसान दिवस में सम्मिलित होते हुए अपनी समस्याओं को बैठक में रखा। इस कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा प्राकृतिक खेती विषय पर कृषकों के मध्य जागरूकता का प्रचार-प्रसार किया गया व बताया गया कि किस प्रकार विकास खण्ड जेवर स्तर पर नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजना के तहत प्राकृतिक खेती से 1250 कृषकों को जोड़ा गया है। साथ ही कार्यकम में सम्मिलित समस्त प्राकृतिक खेती के इच्छुक कृषकों को प्राकृतिक खेती के मुख्य घटकों यथा जीवामृत, धनजीवामृत, बीजामृत, निमास्त्र एवं ब्रहमास्त्र आदि से परिचित कराया गया।

## ट्रेड शो में 2500 से ज्यादा प्रदर्शक शामिल

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन होने जा रहा है। इस बार के ट्रेड शो में रूस कंट्री पार्टनर है। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कई देशों के राजनयिक भी शिरकत करेंगे। ट्रेड शो में दो लाख से अधिक लोगों के आने की उम्मीद है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने सभी विभागों को तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं। ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए गलगोटिया अंडरपास से नासा पार्किंग तक की सड़क का चौड़ीकरण किया गया है। नासा गोलचक्कर की सड़क को चार लेन का बनाया गया है। नासा पार्किंग में 8000 वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा के लिए एक्सपो मार्ट के आसपास 45 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। एक कंट्रोल रूम से इन कैमरों की निगरानी की जाएगी। पार्किंग और वाहनों की आवाजाही पर नजर रखी जाएगी। चिन्हित किए गए 15 डार्क स्पॉट पर लाइटें लगाई जा रही हैं।

## अदालत परिसर से दो फर्जी जमानती गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।** पुलिस ने जिला न्यायालय में एक आरोपी की जमानत देने पहुंचे दो आरोपियों को मंगलवार को कोर्ट परिसर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से कूटरचित आधार कार्ड, जमानत संबंधी फर्जी प्रपत्र बरामद किए। सूरजपुर कोतवाली प्रभारी ने बताया कि नोएडा के सेक्टर-58 में दर्ज एक मुकदमे के आरोपी आकाश की जमानत पर मंगलवार को कोर्ट में सुनवाई थी। आरोपी की जमानत लेने के लिए अशोक उर्फ अश्वनी और मोनू कोर्ट में पेश हुए। अदालत में गवाही के दौरान जज को दोनों पर संदेह हुआ तो उनके दस्तावेजों की जांच करवाई गई।इसमें दोनों के दस्तावेज फर्जी पाए गए। इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए दोनों आरोपी मोदी नगर गाजियाबाद के रहने वाले हैं। अदालत में गवाही के दौरान अशोक उर्फ अश्वनी ने खुद को दिनेश कुमार और मोनू ने अपने आप को राकेश कुमार बताया। दोनों के पिता का नाम एक था। दोनों सगे भाइयों द्वारा एक साथ आरोपी की गवाही देने पर जज को संदेह हुआ। इसके बाद दोनों का फर्जीवाड़ा पकड़ा गया।

# पुलिस-एसओजी टीम की बड़ी सफलता

## अंतरराज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार, 85 हजार नकदी, जेवरात व बाइक बरामद



**पीलीभीत।** कोतवाली पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने बुधवार को बड़ी सफलता हासिल करते हुए अंतरराज्यीय अपराधियों के एक सक्रिय गिरोह का पर्दाफाश किया। टीम ने दो चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 85 हजार रुपये नकद, चोरी की मोटरसाइकिल, कई मोबाइल फोन और जेवरात बरामद किए। गिरफ्तारी मंगलवार देर रात गनेशपुर गोटिया क्षेत्र से की गई।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सलमान हुसैन पुत्र साबिर हुसैन और विशालुद्दीन पुत्र मुन्ने, निवासी उत्तराखंड, के रूप में हुई। पुलिस पूछताछ में दोनों ने पीलीभीत और उत्तराखंड में कई चोरी की वारदातों को कबूल किया। कबूलनामे में खुली पुरानी वारदातें जिसमें आरोपियों ने बताया कि उन्होंने दो माह पूर्व सितारगंज, उत्तराखंड से एक मोटरसाइकिल चोरी की।

25 जून को ग्राम चंदौई निवासी इकबाल हुसैन के घर से चोरी की 6 सितंबर को विश्वनाथपुरम कॉलोनी निवासी तस्वीर सिंह के घर से नगदी व जेवरात चुराए 5 जुलाई को पिंक सिटी कॉलोनी के किराएदार के मकान से चोरी की 15 - 19 जून के बीच वसुंधरा कॉलोनी निवासी के घर से ताले तोड़कर चोरी की। लंबे समय से दोनों आरोपी क्षेत्र में सक्रिय थे और चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के बाद फरार हो जाते थे। गिरफ्तारी से कई पुराने मामलों का खुलासा हो गया है।

सहायक पुलिस अधीक्षक नताशा गोयल ने प्रेस वार्ता कर पूरे मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि बरामद सामान को पीड़ितों को लौटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। इस सफलता में प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह, उपनिरीक्षक सौरभ कुमार, प्रकाश चंद्र शर्मा, मनवीर सिंह, नरेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल श्रीपाल, कांस्टेबल सुमित कुमार, दीपक ध्रुव, प्रभारी एसओजी अजय पाल सिंह और उपनिरीक्षक उमेश त्यागी की अहम भूमिका रही।

# ग्राम प्रधान के नाम से बनी फर्जी फेसबुक आईडी, मुकदमा दर्ज

हरिनारायण यादव विशाल इंडिया

**गाजीपुर।** बहरियाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम सभा तिसड़ा के ग्राम प्रधान सतीश चौहान साइबर ठगी और फर्जीवाड़े का शिकार हो गए। प्रधान ने साइबर सेल थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई थी।

मिली जानकारी के अनुसार, लगभग 4 साल से वर्तमान ग्राम प्रधान को आपत्ति जनक तस्वीरे गलत तरीके से डालकर बदलाम कर रहा था ग्राम प्रधान सतीश चौहान के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणियां एवं जाती सूचक गालियां और भड़काऊ पोस्ट की जा रही थीं। यहां तक कि प्रधान के परिवार की महिलाओं के फोटो भी अपलोड कर उनके खिलाफ आपत्तिजनक कमेंट किए जा रहे थे और ग्राम प्रधान की हत्या किसी से करवा सकता है इस मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच की और ग्राम सभा तिसड़ा निवासी (इंजीनियर) सुनील चौहान पुत्र राजेंद्र चौहान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थाना बहरियाबाद में दर्ज एफआईआर संख्या 0161, दिनांक 15 सितम्बर 2025 को दोपहर 12: 25 बजे दर्ज की गई।

पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बी.एन.एस.), 2023 की धारा 352, 351(3), 356(2) तथा सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2008 की धारा 67 के तहत मामला पंजीकृत किया है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शार्ट न्यूज

## वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**ललितपुर।** जाखलौन पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना जाखलौन पुलिस द्वारा दो वारण्टी भगवानदास पुत्र वीरन उम्र करीब 35 वर्ष, गुड्डी पत्नी वीरन उम्र करीब 55 वर्ष नि0गण ग्राम मैरतीकला थाना जाखलौन ललितपुर सम्बंधित केस नं0 4270/16 धारा 452/323/504/506 भादवि, को नियमानुसार गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है।गिरफ्तार करने वाली टीम थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह उ. नि. संजय सिंह हे. कां. शिवशंकर म.कां. पूजा आदि शामिल रहे।

## प्रयागराज में सड़क हादसे में युवक की मौत

**प्रयागराज।** प्रयागराज के रामबाग रेलवे स्टेशन के पास देर रात हुए सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। इस दुर्घटना में उसके दो दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस के अनुसार, खुल्दाबाद के अटाला निवासी जीशान (25)अपने दोस्तों सलमान और सऊद के साथ बाइक पर जा रहा था। रामबाग रेलवे स्टेशन के समीप उनकी बाइक की एक डीसीएम से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने तीनों घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान जीशान की मौत हो गई। मृतक के शव का पोस्टमार्टम बुधवार को कराया गया। जीशान के पिता मोहम्मद शौकत साइकिल मरम्मत की दुकान चलाते हैं। जीशान अपने तीन बहनों और एक भाई में सबसे बड़ा था। हादसे के बाद डीसीएम चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। खुल्दाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के चाचा इसराइल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। फरार चालक की तलाश की जा रही है।

## लखनऊ में 7 साल का बच्चा नाले में बहा

**लखनऊ।** लखनऊ में बुधवार शाम खेलते-खेलते एक सात साल का बच्चा नाले में गिर गया और तेज बहाव में बह गया। घटनास्थल से डेढ़ किलोमीटर दूर दमकल की टीम गोताखोरों की मदद से बच्चे की तलाश में जुटी है। पिछले चार घंटे से रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है, लेकिन बच्चे का अभी तक कुछ भी पता नहीं चल सका है। मेयर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त मौके पर मौजूद हैं। बच्चे की पहचान हुसैनगंज किला चौकी निवासी वीरू (7) के रूप में हुई। शाम लगभग 6 बजे बच्चा हैदर कैनाल नाले के पास बच्चों संग कंचे खेल रहा था। इस दौरान पैर फिसलने से अचानक नाले में गिर गया। साथ खेल रहे बच्चों ने परिजनों को घटना की सूचना दी। हुसैनगंज किला चौकी के पास वीरू अपने पिता नन्हे और दादी सावित्री के साथ रहता है। बच्चे की दादी ने बताया- किला चौकी के पास रामलीला मैदान है। रामलीला मैदान की दीवार हैदर कैनाल से मिली हुई है। वीरू दूसरे बच्चों के साथ यहां कंचे खेल रहा था। कुछ कंचे छिटक कर नाले में गिर गए, जिसे उठाने के लिए नाले की दीवार पर चढ़ा था। इस दौरान असंतुलित होकर गहरे नाले में गिर गया।

## बिजनौर में 8 आरोपियों को आजीवन कारावास

**बिजनौर।** बिजनौर कोर्ट ने हत्या के एक मामले में आठ आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही प्रत्येक आरोपी पर 9,000 रुपये यानी कुल 72,000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। यह फैसला ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत पुलिस और अभियोजन विभाग की प्रभावी पैरवी के बाद आया। घटना 28 सितंबर 2023 को हुई थी। नारायणपुर निवासी मंजीत के भाई हिमांशु को अभियुक्तों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से जान से मारने की नीयत से पीटा था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस संबंध में मंडावर थाने में आईपीसी की धारा 307/504 के तहत मामला दर्ज किया गया था। इलाज के दौरान हिमांशु की मृत्यु हो गई, जिसके बाद मामले में धारा 307 हटाकर 302 (हत्या), 147, 148, 149 (दंगा, घातक हथियार से दंगा, गैरकानूनी जमावड़ा) आईपीसी की धाराएं जोड़ी गईं। इस मामले में शिवा पुत्र ऋषिपाल, चाहत पुत्र बेगराज, अनिकेत पुत्र महेंद्र, सुमित पुत्र महेंद्र, शिवकुमार पुत्र धर्मवीर, अंकुल पुत्र राजपाल, रोहित पुत्र सोमपाल और कृष्ण पुत्र लेखराज को आरोपी बनाया गया था। स्थानीय पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। स्थानीय पुलिस और मॉनिटरिंग सेल ने माननीय न्यायालय में सशक्त और प्रभावी पैरवी की।

## रेल पटरी पर मिले शव की हुई शिनाख्त

**ललितपुर।** ललितपुर झांसी रेल मार्ग पर दैलवारा स्टेशन के पास मंगलवार रात मिले एक अज्ञात युवक के शव की 15 घंटे बाद शिनाख्त हो गई है। बुधवार को शव की पहचान ग्राम दैलवारा निवासी 26 वर्षीय नीरज लोधी पुत्र रामगोपाल के रूप में हुई। मंगलवार रात करीब 10 बजे दैलवारा रेलवे स्टेशन के क्रासिंग पर खंभा नंबर 1047 के पास रेल पटरी पर क्षत-विक्षत अवस्था में शव पड़ा मिला था। रेलकर्मी ने इसकी सूचना जीआरपी को दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। जांच के दौरान रेल पटरी किनारे एक वाहन भी खड़ा मिला था। परिजनों के अनुसार, नीरज मंगलवार सुबह अपने दोस्तों के साथ काम की बात कहकर घर से निकला था। वह रात तक घर नहीं लौटा। बुधवार दोपहर को शव की शिनाख्त हो सकी। परिजनों ने बताया कि नीरज अपने तीन भाइयों और एक बहन में सबसे बड़ा था। उसकी दो बेटियां हैं। वह खेती-किसानी का काम करता था । घटना के संबंध में परिजनों ने कोई विशेष टिप्पणी नहीं की।

# वाराणसी में वकीलों ने दरोगा को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

**वाराणसी।** वाराणसी कचहरी में वकीलों में दरोगा को जमकर पीटा। उनकी वर्दी फाड़ दी। दरोगा की हालत गंभीर है। सिर-चेहरे पर 3 गहरे घाव हैं। पूरे शरीर पर 13 चोट के निशान हैं। उनके साथ आए सिपाही से भी मारपीट की है। गंभीर अवस ?था में दरोगा को ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है।

सूचना पर 6 थानों की करीब 300 पुलिस फोर्स कचहरी चौकी पर तैनात की गई। घटना के बाद डीएम सत्येंद्र कुमार, डीआईजी शिवहरि मीणा, डीसीपी काशी जोन प्रमोद कुमार, एडीसीपी क्राइम सरवणन टी, एडीएम सिटी आलोक वर्मा जिला जज के पास पहुंचे। वकीलों से कोर्ट खाली करने को कहा गया है। बता दें कि बड़ागांव में दो पट्टीदारों का विवाद था। जिसमें हुई मारपीट के बाद दोनों पक्षों का 151 में चालान हुआ था। इसमें एक पक्ष से वकील घायल है और ट्रॉमा सेंटर में भर्ती है। आरोप है कि दरोगा मिथलेश प्रजापति ने ही उसे मारा था।

# बाघ एक्सप्रेस पहुंची ग्रामीण अंचल नुक्कड़ नाटक से दिया सहअस्तित्व का संदेश



**पीलीभीत।** मानव और वन्यजीवों के सहअस्तित्व को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चल रहे बाघ एक्सप्रेस जागरूकता अभियान की गूंज मंगलवार को ग्राम पट्टी और पीपरहिआ में सुनाई दी। पीलीभीत टाइगर रिजर्व और एम3एम फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 300 ग्रामीणों ने सहभागिता कर इसे सफल बनाया।कार्यक्रम के दौरान बाघ एक्सप्रेस में लगी टीवी स्क्रीन पर वन्यजीव संरक्षण और सहअस्तित्व से जुड़ी लघु फिल्में प्रदर्शित की गईं। नुक्कड़ नाटकों और संवाद सत्रों के जरिए कलाकारों ने लोगों को समझाया कि कैसे मानवीय गतिविधियों के कारण जंगल और वन्यजीवों का प्राकृतिक संतुलन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बाघों सहित अन्य वन्यजीवों की सुरक्षा और उनके आवासों की रक्षा की जरूरत पर जोर दिया।

बाघ मित्र ताराचंद, प्रेमपाल और बब्लू की मौजूदगी में आयोजित इस कार्यक्रम में किसानों, महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी ने कलाकारों की प्रस्तुतियों की सराहना की और वन्यजीव संरक्षण से जुड़े मुद्दों पर खुलकर चर्चा की।कार्यक्रम के उपरांत ग्रामीणों में पंपलेट भी वितरित किए गए, जिनमें वन्यजीवों से सुरक्षा और उनके साथ सुरक्षित दूरी बनाए रखने के उपाय बताए गए।पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि बाघ एक्सप्रेस का उद्देश्य केवल जागरूकता बढ़ाना ही नहीं, बल्कि ग्रामीणों को प्रेरित करना भी है, ताकि वे वन्यजीवों के साथ सकारात्मक और सुरक्षित संबंध स्थापित कर सकें।

# भगवान विश्वकर्मा जयंती पर समाजवादी पार्टी कार्यालय में हुआ यज्ञ-पूजन और गोष्ठी

## सपा नेताओं ने किया भगवान विश्वकर्मा का स्मरण, शिल्पकला और वास्तुकला में बताया उनका अतुलनीय योगदान



**पीलीभीत।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार बुधवार को नकटादाना चौराहा स्थित सपा कार्यालय (के.जी.एन. 2) पर भगवान विश्वकर्मा जयंती बड़े श्रद्धाभाव और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर यज्ञ-पूजन के बाद गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें भगवान विश्वकर्मा जी के जीवन, कार्य और योगदान को याद किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता और संचालन सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने किया। वहीं सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने संबोधित करते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा हिन्दू धर्म में देवताओं के शिल्पकार, निर्माणकर्ता और महान वास्तुकार माने जाते हैं।

उन्हें दिव्य शिल्पी और विश्व का प्रथम अभियंता भी कहा जाता है। उन्होंने देवताओं के लिए भवन, अस्त्र-शस्त्र और रथों का निर्माण किया। शिल्पकला, वास्तुकला, धातुकर्म और तकनीकी कौशल में उनका स्थान अद्वितीय और अनुकरणीय है।जगदेव सिंह जग्गा ने आगे कहा कि भगवान विश्वकर्मा जी का जीवन समाज को यह प्रेरणा देता है कि तकनीकी ज्ञान और कौशल से ही सभ्यताओं का विकास और प्रगति संभव है। उनके आदर्श आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक बने हुए हैं।इस मौके पर मुख्य रूप से सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू, सपा जिला सचिव महेश पटेल, सपा जिला सचिव डिम्पल गौड़, सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष निरंजन कुमार गंगवार, सपा युवजन सभा जिलाध्यक्ष हरगोविंद गंगवार, अधिवक्ता गोविंद पांडे, दिनेश कुमार वर्मा, रमेश राजा, अनीता शर्मा, नरेश गंगवार समेत बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पेंशन के 3 हजार रुपए के लिए दादी की हत्या

**लखीमपुर-खीरी।** लखीमपुर खीरी में पेंशन के 3 हजार रुपए नहीं देने पर पोते ने 75 साल की दादी की हत्या कर दी।

पहले दादी को लाठी-डंडे से पीटा, फिर उनके प्राइवेट पार्ट में लाठी डाल दी। ब्लीडिंग होने से दादी की मौत हो गई। इसके बाद पोते ने लाश को घर के बाथरूम में बंद कर दिया।

फिर पिता को फोन किया और कहा कि बाथरूम में फिसलकर गिर गई हैं, जिससे उनकी मौत हो गई। 24 घंटे तक लाश बाथरूम में ही पड़ी रही। जब पिता और भाई उत्तराखंड से गांव पहुंचे, तो उन्हें मां की हत्या का पता चला। इसके बाद पिता ने पुलिस को बुलाकर बेटे को पकड़वाया। बुधवार शाम पोस्टमॉर्टम के बाद दादी का शव घर पहुंचा। वारदात निघासन कोतवाली क्षेत्र की है।

दुबहा गांव में जानकी देवी (75) अपने पोते पप्पू (25), उसकी पत्नी कामिनी और 5 महीने के बेटे के साथ रहती थीं। जानकी देवी का बेटा दयाशंकर (50) अपने 2 बेटों के साथ उत्तराखंड में मजदूरी करता है।

दयाशंकर के 3 बेटे हैं। तीनों की शादी हो गई है। बड़े बेटे शिव कुमार (25) की शादी रिंकी देवी से हुई है। दोनों की एक डेढ़ साल की बेटी है।

# एसपी ने साइबर क्राइम थाने का निरीक्षण कर अभिलेखों की जांच की




**ललितपुर।** एसपी ने बुधवार को साइबर क्राइम थाना का आकस्मिक निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा साइबर क्राइम थाना ललितपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । थाना कार्यालय/साइबर हेल्प डेस्क के रजिस्टरों को चेक कर व्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देश दिये गये । सही रखरखाव नियमित साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया गया ।साइबर हेल्प डेस्क में तैनात अधि0/कर्म0गण को प्रतिदिन साइबर से सम्बन्धित पोर्टल जैसे प्रतिबिम्ब, सुदर्शन पोर्टल आदि का क्रियान्वयन करने व साइबर के अपराधों में त्वरित कार्यवाही करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

# सपा सभासद के भतीजे ने की युवक की हत्या

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर में स्टंटबाजी से रोकने पर सपा सभासद के भतीजे ने युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी। युवक आरोपी को तेज गाड़ी चलाने से मना कर रहा था। उसका कहना था, गली से सब निकलते हैं। बच्चे भी खेलते हैं, कोई चपेट में आ गया तो दिक्कत हो जाएगी। युवक के मना करने के कुछ देर बाद आरोपी अपने सभासद चाचा के साथ युवक के पास पहुंचा। वहां दोनों के बीच बहस हुई। इसी बीच आरोपी ने युवक के सीने में चाकू मार दिया और मौके से फरार हो गया। ये मामला मुजफ्फरनगर के दक्षिणी खालापार इलाके का है। मृत युवक का नाम अफसार (22) था। अफसार दूध की डेयरी चलाता था। वहीं आरोपी का नाम आवेज है।

# धोखाधड़ी के मामले में आरोपी 25 हजार के इनामी वांछित को महिला सहित पुलिस ने किया गिरफ्तार



**ललितपुर।** कोतवाली पुलिस द्वारा बजाज फाइनेन्स कम्पनी लिमिटेड व आम नागरिकों के साथ षड्यन्त्र-पूर्वक, कूटरचित दस्तावेज तैयार कर 1 करोड़ 71 लाख रूपये की धनराशि की धोखाधड़ी करने वाले 25 हजार के ईनामिया वांछित अभियुक्त सहित एक महिला अभियुक्ता को भी किया गिरफ्तार ।अभियुक्तगण के कब्जे से कुल 31 लाख रूपये की धनराशि जिसमें 02 लाख 47 हजार 900 रूपये नगद, 1.5 लाख रूपये की धनराशि फ्रीज, एक स्कार्पियों एन कार (अनुमानित कीमत करीब 27 लाख रूपये) व 01 टैबलेट सैमसंग, 11 सील मुहर, 03 इंक पैड, 01 चेक बुक एक्सिक बैंक, 06 चेक एक्सेस बैंक, 06 चेक एसबीआई बैंक, 10 एटीएम कार्ड विभिन्न बैंक के, 04 पैन कार्ड व दो आधार कार्ड किये गये बरामद । पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक एंव क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में, जनपद में अपराध एव अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली ललितपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 881/ 25 धारा 61(2)/ 318(4)/ 338/ 336(3)/ 340(2) बीएनएस में वांछित 25000 रूपये के इनामिया अभियुक्त राशिद खान उर्फ सानू पुत्र जहीर खान उम्र करीब 26 वर्ष निवासी टौरिया मन्दिर के पास, नेहरूनगर, कोतवाली ललितपुर व 01 अभियुक्ता रशीदा पत्नी जहीर खान उम्र करीब 46 वर्ष नि0 उपरोक्त को नियमानुसार गिरफ्तार कर, न्यायिक अभिरक्षा हेतु मा0 न्यायालय पेश किया जा रहा है।

# ललितपुर की टीम ने मलखंभ प्रतियोगिता में मारी बाजी




**ललितपुर ।** रिजर्व पुलिस लाइन्स ललितपुर में दिनांक 15. सितंबर से 17. सितंबर तक आयोजित होने वाली तीन दिवसीय 13 वीं अंतर्जनपदीय मलखम्भ प्रतियोगिता का समापन मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा किया गया । मुख्य अतिथि महोदय द्वारा प्रतियोगिता में विजयी / उत्कृष्ठ प्रदर्शन पर प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाडियों को पदक व शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा प्रतियोगिता समापन की अनुमति प्रदान की गयी तथा मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक, ललितपुर द्वारा क्षेत्राधिकारी लाइन्स को ध्वज सौपा गया । समापन अवसर पर सर्वप्रथम मुख्य अतिथि को बैच लगाकर सम्मानित किया गया ।सभी प्रतिभागी खिलाडियों द्वारा बैन्ड पर राष्ट्रगीत की धुनों के साथ मुख्य अतिथि का अभिवादन किया गया जिस पर मुख्य अतिथि महोदय द्वारा परेड का मान प्रणाम ग्रहण किया गया । मुख्य अतिथि द्वारा प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी कोच व खिलाडियों का परिचय लिया गया ।

उपरोक्त मलखम्भ प्रतियोगिता में कानपुर जोन कानपुर की जनपद झांसी, जालौन, औरैया, कन्नौज, कानपुर नगर, फतेहगढ व ललितपुर सहित कुल 08 टीमों द्वारा प्रतिभाग किया जिसमें जनपद इटावा की टीम कतिपय कारणों से प्रतियोगिता में सम्मिलित नही हो पायी सभी टीमों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया ।

समापन अवसर पर प्रतिभागी खिलाडियों द्वारा मानव पिरामिड तथा अन्य कलाओं का अद्भुत प्रदर्शन किया गया । सम्पूर्ण प्रतियोगिता के दौरान जनपद ललितपुर की टीम द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए व सर्वाधिक 47.40 अंक पाकर लगातार तीसरी बार चल वैजन्ती शील्ड प्राप्त की गयी तथा जनपद झांसी की टीम द्वारा 28.20 अंक प्राप्त द्वितीय स्थान प्राप्त किया गया। प्रतियोगिता में व्यक्तिगत स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले फायरमैन राकेश कुमार जनपद ललितपुर द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया गया तथा मु0आ0 स0पु0 रामऔतार सिंह जनपद ललितपुर द्वितीय स्थान तथा आरक्षी वी0पी0 सिंह जनपद ललितपुर व आरक्षी विजय पाल जनपद ललितपुर द्वारा संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया गया ।

# स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान का उद्घाटन समारोह का हुआ आयोजन



**ललितपुर ।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में प्रधानाचार्य डा0 मंयक कुमार शुक्ला के नेतृत्व में स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के दृष्टिगत दिनांक 17. सितंबर से 02. अक्टूबर तक चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत प्रथम दिवस मा0 प्रधानमंत्री नेरन्द्र मोदी जी के जन्म दिवस के अवसर पर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान का लाइव प्रसारण उद्घाटन समारोह एवं भारतीय जनता पार्टी व रेडक्रॉस सोसायटी ललितपुर के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान सर्वप्रथम जनप्रतिनिधि मा0 सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिलाधिकारी अमनदीप डुली, जिला अध्यक्ष भा.ज.प. पं. हरिशचन्द्र रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश निरंजन, उप प्रधानाचार्य डा0 श्रुति सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 इम्तियाज अहमद, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 गजेन्द्र सिंह, मंत्री प्रतिनिधि चन्द्रशेखर पंथ, सांसद प्रतिनिधि दिनेश गोस्वामी, बब्बू राजा बुन्देला भगत सिंह राठौर, नीतेश संज्ञा, गजेन्द्र सिंह, केदार नाथ तिवारी, अनुराग जैन, रूचिका बुन्देला सुनीता पंथ इत्यादि की उपस्थिति में सर्वप्रथम समस्त मंचासीन पदाधिकारियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात् समस्त मंचासीन पदाधिकारियों के द्वारा फीता काटकर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया गया। उक्त स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में कई रक्तदाताओं ने रक्तदान दिया। रक्तदान शिविर के शुभारंभ के पश्चात समस्त जनप्रतिनिधियों द्वारा नव निर्मित 300 बेडेड चिकित्सालय के लेक्चर थेटेर में मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा लाइव प्रसारित स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान का उद्घाटन किया गया एवं प्रधानमंत्री द्वारा लाइव प्रसारित उद्घाटन समारोह का चिकित्सा महाविद्यालय में लाइव प्रसारण किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### म्यांमार में बोर्डिंग स्कूल के 19 छात्र सैन्य हवाई युद्ध में मरे

**नाएप्यीडॉ, एजेंसी।** एक जातीय मिलिशिया (अराकान आर्मी) की तरफ से जारी बयान के मुताबिक पिछले हफ्ते एक बोर्डिंग स्कूल पर म्यांमार की सेना के हवाई हमले में –19 छात्र मारे गए। मृतकों की उम्र 15 से 21 वर्ष थी। संयुक्त राष्ट्र की बाल एजेंसी यूनिसेफ ने भी कहा कि म्यांमार के अशांत रखाइन प्रांत के क्याउक्तों टाउनशिप स्थित बोर्डिंग स्कूल में बच्चे मारे गए और घायल हुए। उसने मृतक संख्या नहीं बताई। बता दें, म्यांमार की सत्तारूढ़ सेना ने दिसंबर में प्रस्तावित चुनाव से पहले नियंत्रण अभियान तेज कर दिया है। यूनिसेफ ने कहा, यह हमला रखाइन प्रांत में बढ़ती विनाशकारी हिंसा की प्रवृत्ति को और बढ़ाता है, जिसकी अंतिम कीमत बच्चों और परिवारों को चुकानी पड़ रही है। राष्ट्रीय एकता सरकार ने कहा कि पिछले महीने सेना द्वारा देश भर में किए गए लगभग 500 हवाई हमलों में 40 से ज्यादा बच्चे मारे गए और 15 स्कूल प्रभावित हुए। बांग्लादेश की सीमा से लगे रखाइन प्रांत में सेना और तटीय क्षेत्र के लिए अधिक स्वायत्तता की मांग करने वाली अराकान आर्मी के बीच महीनों से भीषण लड़ाई चल रही है। यह लंबे समय से म्यांमार का सबसे अशांत राज्य रहा है।

### मस्क की स्टारलिंक सेवा रुकने से यूक्रेनी अग्रिम पंक्ति प्रभावित

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी अरबपति और इंटरनेट सेवा प्रदाता स्टारलिंक के मालिक एलन मस्क की सैटेलाइट इंटरनेट सेवा स्टारलिंक सेवा सोमवार को कुछ देर तक बाधित होने के बाद फिर चालू हो गई। ट्रैकिंग वेबसाइट डाउनडिटेक्टर के मुताबिक, दोपहर बाद अधिकांश उपयोगकर्ताओं के लिए यह चालू हो गई। 12ः35 बजे तक अमेरिका में 43,000 से ज्यादा यूजर्स प्रभावित हुए। इस बाधा ने रूस के साथ चल रहे युद्ध में यूक्रेन की अग्रिम पंक्ति को भी प्रभावित किया। यूक्रेन के ड्रोन बलों के कमांडर रॉबर्ट ब्रोवडी ने बताया कि स्टारलिंक की रुकावट ने सुबह 7ः28 बजे से रूस के साथ युद्ध की पूरी अग्रिम पंक्ति पर असर डाला। इससे यूक्रेनी सेनाओं के युद्ध संचार व ड्रोन अभियान प्रभावित हुए।

### ब्रिटेन में चीन के लिए जासूसी का आरोप झेल रहे दो लोगों पर से केस हटा

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में चीन के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किए गए दो लोगों के खिलाफ चल रहे आपराधिक केस को अब बंद कर दिया गया है। अभियोजन पक्ष ने कहा है कि उनके पास पर्याप्त सबूत नहीं हैं, इसलिए अब दोनों आरोपियों पर मुकदमा नहीं चलेगा। इन दो लोगों में एक हैं क्रिस्टोफर कैश जो ब्रिटिश संसद में शोधकर्ता थे और चाइना रिसर्च ग्रुप का नेतृत्व करते थे। दूसरे हैं क्रिस्टोफर बेरी, जो ऑक्सफोर्डशायर में एक अकादमिक (शिक्षाविद्) हैं और 2015 से चीन में पढ़ा चुके हैं। इन दोनों पर अप्रैल 2024 में केस दर्ज हुआ था। आरोप था कि इन्होंने 2021 के अंत से लेकर फरवरी 2023 के बीच ऐसी जानकारी या दस्तावेज दिए जो ब्रिटेन की सुरक्षा के खिलाफ और दुश्मन के लिए फायदेमंद हो सकते थे। आरोप था कि दोनों एक–दूसरे और एक संदिग्ध चीनी खुफिया एजेंट के संपर्क में थे। इनका ट्रायल अगले महीने लंदन के केंद्रीय आपराधिक न्यायालय में शुरू होने वाला था, जो लगभग छह हफ्ते चलता। लेकिन अब केस को सबूतों की कमी के चलते बंद कर दिया गया है।

### फ्री नॉर्थ कोरिया रेडियो के संस्थापक किम सियोंग मिन का निधन

**सियोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया के मशहूर रेडियो प्रसारक किम सियोंग मिन का 63 साल की उम्र में निधन हो गया। किम सियोंग मिन ने रेडियो प्रसारण, यूएसबी स्टिक और सूत्रों के नेटवर्क की मदद से उत्तर कोरियाई जनता को उनकी सत्तावादी सरकार की सच्चाई बताई। किम सियोंग उत्तर कोरिया के निवासी थे, लेकिन वे भागकर दक्षिण कोरिया पहुंच गए। दक्षिण कोरिया में किम सियोंग ने फ्री नॉर्थ कोरिया रेडियो की स्थापना की। किम सियोंग को शुक्रवार को सियोल के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। किम सियोंग कई वर्षों से फेफड़ों के कैंसर से जूझ रहे थे। किम सियोंग ने उत्तर कोरियाई सेना में बतौर कैप्टन काम किया था और साल 1999 में सियोंग भागकर दक्षिण कोरिया पहुंच गए थे। अपने रेडियो कार्यक्रम मे किम सियोंग, उत्तर कोरिया से भागकर दक्षिण कोरिया पहुंचे लोगों की सफलता की कहानियां, उत्तर कोरियाई शासक की विलासितापूर्ण जिंदगी और विभिन्न राजनीतिक खबरों की जानकारी दी जाती थी।

# अदालत ने पलटा ट्रंप का फैसला, अपील कोर्ट ने फेडरल रिजर्व गवर्नर लिसा कुक को पद से हटाने पर लगाई रोक



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की एक अपीलीय अदालत ने राष्ट्रपति ट्रंप को झटका देते हुए उनके एक आदेश पर रोक लगा दी है। दरअसल ट्रंप ने फेडरल रिजर्व की गवर्नर लिसा कुक को पद से हटाने का आदेश दिया था, जिसे अब अपीलीय अदालत ने खारिज कर दिया है। अमेरिका में ब्याज दरों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक होनी है, उससे पहले लिसा कुक की पद पर बहाली ट्रंप के लिए परेशानी खड़ी कर सकती है। लिसा कुक को पद से हटाने के लिए अब ट्रंप प्रशासन सुप्रीम कोर्ट का रुख कर सकता है।

**लिसा कुक पर लगे धोखाधड़ी के आरोप :** अमेरिका में फेडरल रिजर्व आमतौर पर स्वतंत्र होता है और उसमें सरकार का दखल नहीं होता है। फेडरल रिजर्व एजेंसी के 112 साल के इतिहास में कभी किसी राष्ट्रपति ने फेडरल रिजर्व गवर्नर को पद से नहीं हटाया। लिसा कुक पर मॉर्गेज फ्रॉड (गृह ऋण में धोखाधड़ी) का आरोप लगा था। ये आरोप फेडरल हाउसिंग फाइनेंस एजेंसी (स्न॥स्न) के डायरेक्टर बिल पुल्टे ने लगाए, जो ट्रम्प के कट्टर समर्थक और फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल के आलोचक माने जाते हैं। बिल पुल्टे का आरोप है कि जून 2021 में लिसा कुक ने मिशिगन में एक प्रॉपर्टी खरीदी थी और 15 साल के मॉर्गेज एग्रीमेंट में इसे अपना प्रिंसिपल रेजिडेंस यानी मुख्य घर बताया था। इसके एक महीने बाद जुलाई 2021 में कुक ने जॉर्जिया के अटलांटा में एक और प्रॉपर्टी खरीदी और 30 साल के एग्रीमेंट में इसे भी अपना मुख्य घर बताया था। अमेरिका में मुख्य घर के लिए मिलने वाले लोन में ब्याज दरें कम होती हैं, और इस तरह के दावे से फायदा उठाने को मॉर्गेज फ्रॉड माना जा सकता है।नपुल्टे ने आरोप लगाया कि, जो महिला अपनी ब्याज बचाने के लिए झूठ बोल रही है, वह ब्याज दरों को कंट्रोल करने की जिम्मेदारी कैसे ले सकती है? ट्रंप ने भी इस मुद्दे को तूल देते हुए पहले कुक से इस्तीफा मांगा और फिर 22 अगस्त को एलान किया कि अगर कुक इस्तीफा नहीं देतीं, तो वह उन्हें बर्खास्त कर देंगे। आखिरकार, 26 अगस्त को ट्रंप ने कुक को फेडरल रिजर्व गवर्नर पद से हटा दिया। लिसा कुक फेडरल रिजर्व बोर्ड की पहली अश्वेत महिला गवर्नर हैं और उनकी मौजूदा नियुक्ति 2038 तक है। सीनेट ने स्टीफन मिरान को फेडरल रिजर्व बोर्ड में शामिल करने की मंजूरी दी सीनेट ने राष्ट्रपति ट्रंप के करीबी और उनके शीर्ष आर्थिक सलाहकार स्टीफन मिरान को फेडरल रिजर्व की गवर्निंग बॉडी में शामिल करने की मंजूरी दे दी है। फेडरल रिजर्व बोर्ड में अभी दो गवर्नर क्रिस्टोफर वालर और मिशेल बोमैन की नियुक्ति ट्रंप ने की थी। हाल ही में एक अन्य गवर्नर, एड्रियाना कुगलर ने इस्तीफा दिया था, जिसके बाद कुगलर की जगह ट्रंप ने अपने आर्थिक सलाहकार स्टीफन मिरान को नामित किया था। अगर कुक भी पद से हट जाती हैं तो उनकी जगह फिर कोई ट्रंप समर्थक फेड बोर्ड में शामिल होगा और इस तरह बोर्ड में ट्रंप समर्थकों का दबदबा हो जाएगा। इसके बाद ट्रंप फेडरल रिजर्व संबंधी नीतियों पर अपना प्रभाव डाल सकेंगे। फेड की ब्याज दर निर्धारण समिति मंगलवार और बुधवार को सभी सात गवर्नरों और 12 क्षेत्रीय बैंक अध्यक्षों के साथ बैठक करेगी। इन 19 अधिकारियों में से बारह केंद्रीय बैंक की अल्पकालिक ब्याज दर में बदलाव पर मतदान करेंगे। फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने पिछले महीने संकेत दिए थे कि फेडरल रिजर्व इस बैठक में ब्याज दरों में कटौती कर सकता है।

## पूर्वी ऑर्थोडॉक्स नेता राष्ट्रपति ट्रंप से की मुलाकात

**वाशिंगटन, एजेंसी।** पूर्वी ऑर्थोडॉक्स नेता और ईसाइयों के आध्यात्मिक नेता, कुमेंसियल पैट्रियार्क बार्थोलोम्यू चार वर्षों में अपनी पहली अमेरिका यात्रा पर हैं। सोमवार दोपहर उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की और इस दौरान राष्ट्रपति ट्रंप ने पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करने के लिए उन्हें सम्मानित किया। बार्थोलोम्यू रविवार को वाशिंगटन पहुंचे और 25 सितंबर तक अमेरिका में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

बार्थोलोम्यू को रूढ़िवादी पैट्रियार्कों में पहला माना जाता है क्योंकि वे प्राचीन राजधानी कॉन्स्टेंटिनोपल के पैट्रियार्क हैं, जिसे अब तुर्की में इस्तांबुल के नाम से जाना जाता है। यह भूमिका उन्हें विभिन्न स्वशासी अधिकार और चर्च में प्रमुखता तो देती है, लेकिन पोप जैसी शक्ति नहीं। पैट्रियार्क, अधिकांशतः मुस्लिम देश तुर्किए में रहने वाले ईसाई समुदाय के संरक्षक माने जाते हैं। वे विदेशों में भी कुछ समुदायों, जैसे कि ग्रीक ऑर्थोडॉक्स आर्चडायोसिस ऑफ़ अमेरिका और कुछ छोटे अमेरिकी अधिकार क्षेत्रों की देखरेख करते हैं।

## ‘गाजा जल रहा है’, इजरायल ने रात भर बरसाए गोले, चारों ओर आग और गहरा काला धुंआ

**गाजा, एजेंसी।** इजरायल के रक्षा मंत्री ने गाजा शहर पर रात भर हुए भारी हमलों के बाद मंगलवार को कहा कि गाजा जल रहा है। इजरायल काट्ज की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब इजरायल गाजा शहर पर नए हमले की योजना बना रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इजरायल से कतर जाते समय पत्रकारों से बातचीत में संकेत दिया कि आक्रमण शुरू हो गया है। उन्होंने कहा, ‘इजरायलियों ने वहां कार्रवाई शुरू कर दी है। इसलिए हमें लगता है कि हमारे पास समझौते के लिए बहुत कम समय बचा है।’ रुबियो ने कहा कि हमारे पास अब महीने नहीं हैं, हमारे पास शायद कुछ दिन या शायद कुछ हफ्ते ही बचे हैं।

अमेरिकी मीडिया आउटलेट एक्सियोस ने इजरायली अधिकारियों के हवाले से ताजा जानकारी दी। इसने बताया कि इजरायल की सेना ने गाजा शहर पर कब्जा करने के लिए जमीनी हमला शुरू किया है। टाइम्स ऑफ इजरायल के अनुसार, आईडीएफ हाल के दिनों में शहर और उसके आसपास हवाई हमलों का धीरे-धीरे विस्तार कर रहा है, लेकिन उसने घनी आबादी वाले उत्तरी शहर में जमीनी सैनिकों को नहीं भेजा है। गाजा में स्थानीय सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों ने गाजा शहर में किसी



भी इजरायली टैंक के घुसपैठ से इनकार किया है।

**हवाई हमले और ड्रोन से बमबारी :** गाजा शहर के स्थानीय लोगों के अनुसार, अभी तक शहर के अंदरूनी हिस्सों में इजरायली टैंकों के प्रवेश या आवाजाही का कोई दृश्य नहीं देखा गया है। लेकिन उन्होंने गाजा शहर के अधिकांश हिस्सों में तीव्र हवाई हमलों और ड्रोन बमबारी की पुष्टि की है। चारों ओर आग की लपटें और गहरा काला धुंआ नजर आ रहा है। फिलिस्तीन की आधिकारिक समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने मंगलवार तड़के खबर दी कि इजरायली सेना ने सोमवार रात से गाजा शहर पर अपने हमले तेज कर दिए हैं। इजरायली युद्धक विमान शहर पर लगातार हमले कर रहे हैं और रुकने का नाम नहीं ले रहे। हाल के हफ्कों में 10 लाख की आबादी वाले गाजा शहर से लगभग तीन लाख फिलिस्तीनी भाग गए हैं।

## गाजा पर अमेरिका ने भी मान लिया, कूटनीति से हल नहीं

**तेल अवीव, एजेंसी।** कतर में सोमवार को 60 मुस्लिम देशों की मीटिंग हुई, जिसमें इजरायल के खिलाफ प्रस्ताव पारित हुआ। वहीं उसी समय इजरायल में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो मौजूद थे। उन्होंने इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के साथ कई घंटे तक मीटिंग की और मीडिया से बात की। इस दौरान उन्होंने साफ किया कि गाजा में जारी जंग का कोई कूटनीतिक समाधान होने की उम्मीद नहीं दिखती। उन्होंने कहा कि हमास एक आतंकी और बर्बर संगठन है। वह जब तक सरेंडर नहीं करेगा, तब तक फिलिस्तीन के मसले पर किसी समाधान की उम्मीद करना बेमानी होगा। उनका यह स्टैंड अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से एकदम उलट है, जिन्होंने पिछले दिनों कहा था कि जल्दी ही गाजा में जंग समाप्त होगी। मार्को रुबियो के बयान से स्पष्ट है कि गाजा में अब इजरायल और आक्रामक हो सकता है क्योंकि उसे अमेरिका की ओर से समर्थन हासिल है। यही नहीं इजरायल ने गाजा पर हमले करना शुरू भी कर दिया है। सोमवार देर रात से ही इजरायल की ओर से गाजा पर हमले जारी हैं। रुबियो ने कहा कि हम चाहते हैं कि जंग समाप्त हो, लेकिन हमास एक आतंकी संगठन है, जो सरेंडर नहीं कर रहा है। उसके सरेंडर किए बिना गाजा में जंग का कोई कूटनीतिक समाधान निकलने की उम्मीद बेहद कम है।

उन्होंने कहा कि हमास का घोषित लक्ष्य इजरायल की बर्बादी है। उसने लगातार कई हमले इजरायल पर किए हैं। इसलिए उसके खात्मे के साथ ही समाधान संभव है। फिलहाल गाजा में भीषण हमलों का दौर जारी है। इजरायल की चेतावनी के बाद से हजारों लोग गाजा छोड़कर निकल रहे हैं। इसी को लेकर रुबियो ने चेतावनी दी है कि हमास के पास कुछ दिन का ही वक्त बचा है। वह सीजफायर डील को स्वीकार कर ले या फिर गाजा पर इसी तरह बमबारी जारी रहेगी। इजरायल ने तो ऑपरेशन शुरू भी कर दिया है। हालांकि इजरायल के लिए भी राह आसान नहीं है। एक तरफ मुस्लिम देश एकजुट हैं तो वहीं यूरोप के कई मुल्क भी इजरायल के खिलाफ हैं।

## दोहा पर हमले से पहले नेतन्याहू ने ट्रंप को बता दिया था, उन्होंने मना नहीं किया; दावे से हड़कंप

**दोहा, एजेंसी।** इजरायल ने कतर की राजधानी दोहा में पिछले हफ्ते हमास के नेताओं पर हवाई हमला किया था। रिपोर्ट में अब दावा किया गया है कि इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को इसकी सूचना पहले ही दे दी थी। ट्रंप को यह जानकारी अटैक से करीब 50 मिनट पहले दी गई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, 7 इजरायली अफसरों ने एक्सिओस को बताया कि व्हाइट हाउस को पिछले मंगलवार को मिसाइलें दागने से पहले खबर मिल गई थी। हालांकि, राष्ट्रपति ट्रंप ने हमले के बाद कहा था कि यूएस को दोहा स्ट्राइक की ठीक तरीके से चेतावनी नहीं मिली थी। उन्होंने कोशिश तो की मगर कतर को वार्निंग देने का समय ही नहीं मिला। वह इस घटना से बहुत नाराज भी हुए। डोनाल्ड ट्रंप ने रिपोर्टर्स से कहा कि इजरायल को कतर के साथ डील



करते वक्त बहुत सावधान रहना चाहिए। उन्होंने कतर को यूएस का शानदार सहयोगी भी बताया। हालांकि, हमले को लेकर रिपोर्ट में जो दावा किया गया है वो ट्रंप के बयान से अलग है। इसमें कहा गया कि इजरायल ने जब नोटिस भेजा, तब ट्रंप के पास स्ट्राइक रोकने का पूरा टाइम था। तीन अफसरों ने बताया कि नेतन्याहू ने सुबह करीब 8 बजे ट्रंप को फोन किया और दोहा में धमाकों की पहली खबर इसके 50 मिनट बाद आई। सीनियर इजरायली अफसर ने एक्सिओस को कहा, नेतन्याहू और ट्रंप के बीच पॉलिटिकल लेवल पर बात हुई। ट्रंप ने ना नहीं कहा। दूसरे अफसर का कहना था कि अगर ट्रंप रोकना चाहते तो रोक सकते थे, लेकिन प्रैक्टिकल में उन्होंने कुछ नहीं किया।

**इजरायल से भड़कीं अरब सरकारें :** दोहा में इजराली हमले में हमास के 5 गैर-प्रमुख सदस्य और एक कतरी सुरक्षा अधिकारी मारे गए। हालांकि, टॉप लीडर्स सुरक्षित बच गए। अरब सरकारें अटैक से भड़क उठी हैं। सोमवार को इस हमले को लेकर आपातकालीन बैठक हुई, जिसमें इजरायल के साथ कूटनीतिक संबंध रखने वाले देशों के नेता शामिल थे। इस बैठक में यहूदी राष्ट्र की कड़ी निंदा की गई। इजरायल ने हमास के 7 अक्टूबर 2023 के हमले के जवाब में गाजा पर आक्रमण शुरू किया था। तब से वह इस सशस्त्र समूह सहित ईरान के एक्सिस ऑफ रेजिस्टेंस के अन्य सदस्यों पर भी ईरान, लेबनान, सीरिया, यमन और अब कतर में जवाबी कार्रवाई कर चुका है। इससे पश्चिम एशिया के देशों में व्यापक आक्रोश पैदा हो गया है, जो पहले से ही गाजा में युद्ध के दौरान 64,000 से अधिक फिलिस्तीनियों के मारे जाने से नाराज हैं। साथ ही, यह चिंता भी बढ़ रही है कि खाड़ी अरब देशों की रक्षा के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता पर्याप्त मजबूत नहीं हो सकती।

## लग्जमबर्ग ने भी फिलिस्तीन को राष्ट्र के रूप में मान्यता देने का समर्थन किया

**लग्जमबर्ग , एजेंसी।** फिलिस्तीन को राष्ट्र के तौर पर मान्यता देने का समर्थन करने वाले देशें की फेहरिस्त लगातार लंबी ही होती जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक लग्जमबर्ग ने भी संयुक्त राष्ट्र महासभा में फिलिस्तीन को राष्ट्र के रूप में मान्यता देने का समर्थन करने का फैसला किया है। पॉलिटिको की रिपोर्ट के मुताबिक लग्जमबर्ग के प्रधानमंत्री लूक फ्रीडेन और विदेश मंत्री जेवियर बीटल ने इस फैसले के बारे में अपनी कैबिनेट को जानकार दे दी है।

बता दें कि भारत ने भी संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन को राष्ट्र के रूप में मान्यता देने का समर्थन किया है। संयुक्त राष्ट्र में न्यूयॉर्क डिक्लेरेशन को मंजूरी गई। इसके तहत दो राष्ट्र समाधान निकालने लिए 142 देशों ने समर्थन में वोट किया जबकि 10 देशों ने विरोध किया। वहीं 10 देशों ने वोटिंग से दूरी




बना ली।

**क्या है न्यूयॉर्क डिक्लेरेशन :** सऊदी अरब और फ्रांस की अगुआई में एक प्रस्ताव तैयार किया गया है जिसके अंतरगत जुलाई में दो राष्ट्र समाधान के लिसए एक उच्च स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया था। इस डिक्लेरेशन में कहा गया था कि युद्धविराम की घोषणा के बाद फिलिस्तीनी प्रशासन को पूरे इलाके का प्रशासन सौंप दिया जाएगा। इसके अलावा यूएन के तहत एक अस्थायी अंतरराष्ट्रीय मिशन गाजा में तैनात किया जाएगा जो कि शांति समझौते की निगरानी करेगा।

भारत ने न्यूयॉर्क डिक्लेरेशन का खुलकर समर्थन किया है। वहीं यूएन में फिलिस्तीनी राजदूत रियाद मंसूर ने कहा है कि यह शांति की एक उम्मीद है। उन्होंने कहा कि यह डिक्लेरेशन दुनिया की चाहत को दिखाता है। वहीं इजरायल ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया। इजरायल ने कहा कि फिलिस्तीन जैसा कोई राष्ट्र नहीं होगा। इजरायली राजदूत ने कहा कि यह सब नाटक भर है। अमेरिका ने भी इजरायल का ही साथ दिया है।

बता दें कि न्यूयॉर्क डिक्लेरेशन में सात अक्टूबर को हमास द्वारा इजरायल पर किए गए हमले किनंदी की गई है। इसके अलावा गाजा में भी आम लोगों को निशाना बनाने और भुखमरी की स्थिति के लिए इजरायल की आलोचना की गई है। गाजा में इजरायली हमलों में अब तक 6400 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

## एफबीआई का दावा, चार्ली किर्क के हत्यारे से जुड़ा डीएनए मिला




**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिकी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) के निदेशक काश पटेल ने कहा कि जांचकर्ताओं को चार्ली किर्क के कथित हत्यारे टायलर रॉबिन्सन के खिलाफ अपराध स्थल से डीएनए सबूत मिले हैं, जो उसे पिछले हफ्ते हुई घटना से जोड़ते हैं। पटेल ने फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में कहा, हमें छत पर मिले पेचकस और उस तौलिए पर डीएनए मिला है, जिसमें बंदूक लपेटी गई थी।

उन्होंने आगे बताया कि राइफल की जांच मैरीलैंड स्थित ब्यूरो ऑफ अल्कोहल, टोबैको, फायरआर्म्स एंड एक्सप्लोसिव्स (एटीएफ) की प्रयोगशाला में की जा रही है। एफबीआई निदेशक ने यह भी कहा कि संदिग्ध के परिवार ने सामूहिक रूप से जांचकर्ताओं को बताया है कि वह वामपंथी विचारधारा का अनुयायी था। यह पिछले कुछ वर्षों में अधिक हो गया था।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, दक्षिणपंथी कार्यकर्ता और प्रभावशाली व्यक्ति चार्ली किर्क को बुधवार को यूटा वैली यूनिवर्सिटी में दर्शकों के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जब वह एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।

घटना के लगभग 33 घंटे बाद, 22 वर्षीय संदिग्ध को यूटा के वाशिंगटन काउंटी में गिरफ्तार किया गया, जब उसके रिश्तेदारों ने जांचकर्ताओं द्वारा जारी की गई तस्वीरों से उसकी पहचान की। यूटा के गवर्नर स्पेंसर कॉक्स ने शुक्रवार को बताया कि रॉबिन्सन के एक पारिवारिक सदस्य ने अपने एक पारिवारिक मित्र से संपर्क किया, जिसने वाशिंगटन काउंटी शेरिफ कार्यालय को जानकारी दी कि रॉबिन्सन ने उनके सामने अपना अपराध कबूल कर लिया है।

यूटा के गवर्नर ने एनबीसी पर रविवार को दिए इंटरव्यू में कहा कि रॉबिन्सन के मित्रों और रिश्तेदारों के साथ जांचकर्ताओं द्वारा किए गए साक्षात्कारों से पता चला कि उसकी वामपंथी विचारधारा थी, जो उसके रूढ़िवादी परिवार से काफी अलग थी। हालांकि, वह एक रजिस्टर्ड मतदाता है, लेकिन राज्य मतदान रिकॉर्ड दिखाते हैं कि रॉबिन्सन का किसी भी राजनीतिक दल से संबद्ध नहीं है और संकेत देते हैं कि उसने नवंबर के राष्ट्रपति चुनाव में वोट नहीं दिया था, जो 18 वर्ष की आयु पूरी होने के बाद उसका पहला राष्ट्रपति चुनाव था। उसके माता-पिता दोनों पंजीकृत रिपब्लिकन हैं।

## अमेरिका का वेनेजुएला की बोट पर फिर हमला, 3 की मौत, ट्रम्प बोले- नशीले पदार्थ ला रहे थे; आगे और भी बड़े हमले करने का प्लान

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिकी सेना ने सोमवार को एक बार फिर वेनेजुएला के ड्रग तस्करों की बोट पर हमला किया। इस हमले में 3 लोग मारे गए। राष्ट्रपति ट्रम्प ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी। उन्होंने इन तस्करों को नार्को टेररिस्ट यानी ड्रग कार्टेल से जुड़े आतंकवादी बताया। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, मेरे आदेश पर अमेरिकी सेना ने ड्रग तस्करी करने वाले कार्टेल और नार्को टेररिस्ट पर स्ट्राइक की। ये लोग वेनेजुएला से नशीले पदार्थ अमेरिका की ओर ले जा रहे थे। उन्होंने कहा कि ड्रग कार्टेल अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति और हितों के लिए बड़ा खतरा हैं। ट्रम्प ने यह भी बताया कि इस हमले में अमेरिकी बलों को कोई नुकसान नहीं हुआ। दो हफ्ते पहले भी अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला के कुख्यात ट्रेन डी अरागुआ गैंग से जुड़े 11 लोगों को मार गिराने का दावा किया था। विदेश मंत्री मार्को



रुबियो ने भी संकेत दिए कि अमेरिका ड्रग कार्टेल के खिलाफ और बड़े हमले कर सकता है।

**अमेरिका ट्रेन डी अरागुआ को आतंकवादी संगठन घोषित कर चुका :** अमेरिका ट्रेन डी अरागुआ गिरोह को आतंकवादी संगठन घोषित कर चुका है। हालांकि अमेरिकी संसद ने ट्रेन डे अरागुआ या वेनेजुएला के खिलाफ किसी तरह की सैन्य कार्रवाई को मंजूरी नहीं दी है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक ऐसा पहले कभी नहीं हुआ जब किसी देश ने आत्मरक्षा के नाम पर ड्रग्स तस्करी के शक में लोगों को उड़ा दिया हो। ट्रम्प प्रशासन ने फरवरी, 2025 में वेनेजुएला के ट्रेन डी अरागुआ, अल सल्वाडोर के रूस-13 और मेक्सिको के छह ड्रग कार्टेल्स को विदेशी आतंकी संगठन घोषित किया था। आमतौर पर यह दर्जा अल-कायदा या इस्लामिक स्टेट जैसे आतंकी संगठनों के लिए होता है, लेकिन ट्रम्प प्रशासन ने कहा कि ये गिरोह ड्रग तस्करी, मानव तस्करी और हिंसा के जरिए इतना बड़ा नुकसान पहुंचा रहे हैं कि इन्हें आतंकी संगठन माना जाना चाहिए।

**कानून में तस्करों को मारने की इजाजत नहीं :** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पिछले हफ्ते कहा था कि सरकार को ड्रग तस्करों के खिलाफ सैन्य बल इस्तेमाल करने का अधिकार है। लेकिन अमेरिकी कानून के जानकारों के मुताबिक ऐसा नहीं है। आतंकवादी घोषित करने से सरकार उनकी संपत्ति जब्त कर सकती है या उन पर वित्तीय पाबंदी लगा सकती है, लेकिन युद्ध जैसी कार्रवाई का अधिकार नहीं मिलता। 2001 में संसद ने अल-कायदा और तालिबान के खिलाफ अफगानिस्तान में सैन्य बल इस्तेमाल करने की मंजूरी दी थी। बाद में अलग-अलग अमेरिकी सरकारों ने इस कानून का विस्तार कर दूसरे इस्लामी उग्रवादी संगठनों के खिलाफ भी कार्रवाई की। लेकिन इस कानून के तहत ड्रग्स कार्टेल के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की इजाजत नहीं मिलती।

# स्मृति मंधाना ने भारत के लिए वनडे में जड़ा सबसे तेज शतक, ध्वस्त किए कई रिकॉर्ड

**मुल्लानपुर (पंजाब) (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में दूसरे मैच में उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने भारत के लिए वनडे में सबसे तेज शतक जड़ा जिससे कई रिकॉर्ड ध्वस्त हो गए। महिला वनडे में नंबर एक बल्लेबाज बनने के बमुश्किल एक दिन बाद मंधाना ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर मुल्लानपुर में अपनी शानदार फॉर्म का प्रदर्शन किया।

मंधाना ने अपना 12वां वनडे शतक जड़कर इंग्लैंड की टैमी ब्यूमोंट के इस प्रारूप में शतकों की संख्या की बराबरी कर ली। मंधाना को इतिहास में अपना नाम दर्ज कराने के लिए सिर्फ 106 पारियों की जरूरत पड़ी, जबकि ब्यूमोंट ने 130 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने 29वें ओवर की पहली गेंद पर चौका लगाकर सिर्फ 77 गेंदों में अपना शतक पूरा किया, जो ऑस्ट्रेलिया महिला टीम के खिलाफ इस प्रारूप में दूसरा सबसे तेज शतक है। मंधाना का 77 गेंदों में बनाया गया यह शतक भारत के लिए वनडे में दूसरा सबसे तेज शतक भी है, इससे पहले उन्होंने इस साल की शुरुआत में राजकोट में आयरलैंड के खिलाफ 70 गेंदों में शतक बनाया था।

वह महिला वनडे इतिहास में दो अलग-अलग कैलेंडर वर्षों में तीन या उससे ज्यादा शतक लगाने वाली पहली खिलाड़ी हैं, इससे पहले उन्होंने 2024 में चार शतक लगाए थे। 29 वर्षीय इस बाएं हाथ की बल्लेबाज का यह कमाल 33वें ओवर में निराशाजनक अंत हुआ। उन्होंने ताहलिया मैक्ग्रा की गेंद पर डीप में एश्ले गार्डनर को कैच थमाया और 117(91) रन बनाकर आउट हुईं।

स्टाइलिश सलामी बल्लेबाज मंधाना ने मुकाबले की पूर्व संध्या पर अपनी उपलब्धियों में एक और उपलब्धि जोड़ ली। वह एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गईं, एक ऐसा स्थान जो उन्होंने पहली बार जनवरी 2019 में हासिल किया था और हाल ही में इस साल जुलाई में हासिल किया। शीर्ष पर यह उनका चौथा कार्यकाल है।



## नीरज चोपड़ा ने पहले ही थ्रो से विश्व चैम्पियनशिप फाइनल के लिए किया क्वालीफाई



**तोक्यो (एजेंसी)।** गत चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने बुधवार को पहले ही थ्रो में स्वतः क्वालीफिकेशन का 84 . 50 मीटर का आंकड़ा पार करके विश्व चैम्पियनशिप पुरूष भालाफेंक स्पर्धा के फाइनल में प्रवेश कर लिया। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता 27 वर्ष के नीरज ने क्वालीफिकेशन दौर में ग्रुप ए में पहला ही थ्रो 84.85 मीटर का फेंका।

चोपड़ा सबसे पहले थ्रो फेंकने के लिए उतरे थे और फाइनल में जगह बनाने के साथ ही रवाना भी हो गए। स्वतः क्वालीफिकेशन का 84.50 मीटर का आंकड़ा छूने वाले या सर्वश्रेष्ठ 12 खिलाड़ी बृहस्पतिवार को होने वाले फाइनल में जगह बनाएंगे। जर्मनी के जूलियर वेबर ने भी 87.21 मीटर के थ्रो के साथ क्वालीफाई कर लिया। ग्रुप ए में शामिल 19 खिलाड़ियों में केशोर्न वालकॉट, याकूब वालेश और भारत के सचिन यादव भी हैं।

ग्रुप बी में पाकिस्तान के ओलंपिक चैम्पियन अरशद नदीम, एंडरसन पीटर्स, जूलियस येगो, रोहित यादव ,यशवीर सिंह भी हैं। बुडापेस्ट में पिछली विश्व चैम्पियनशिप में नीरज ने 88.17 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण जीता था जबकि नदीम दूसरे और वालेश तीसरे स्थान पर रहे थे।

## वरूण चक्रवर्ती पहली बार टी20 रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे, यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे भारतीय बने

**दुबई (एजेंसी)।** स्पिनर वरूण चक्रवर्ती पहली बार ICC टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं और यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे भारतीय बने। चक्रवर्ती से पहले भारत के जसप्रीत



बुमराह और रवि बिश्नोई ICC T20 गेंदबाजी रैंकिंग में शिखर पर पहुंच चुके हैं।

चक्रवर्ती ने एशिया कप में UAE के खिलाफ चार रन देकर एक और पाकिस्तान के खिलाफ 24 रन देकर एक विकेट लिया। उन्होंने न्यूजीलैंड के जैकब डफी को पछाड़कर पहला स्थान हासिल किया। इससे पहले वह फरवरी 2025 में दूसरे स्थान पर पहुंचे थे।

ICC ने एक बयान में कहा, 'भारतीय स्पिनर वरूण चक्रवर्ती को 2025 में लगातार अच्छे प्रदर्शन का ईनाम मिला है और वह ICC पुरूष टी20 खिलाड़ियों की रैंकिंग में नंबर एक पर काबिज हो गए हैं।' बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव 16 पायदान की छलांग लगाकर 23वें स्थान पर हैं जबकि स्पिन हरफनमौला अक्षर पटेल एक पायदान ऊपर 12वें स्थान पर पहुंच गए। बुमराह चार पायदान चढ़कर 40वें स्थान पर हैं।

हरफनमौलाओं में हार्दिक पंड्या शीर्ष पर है जबकि अभिषेक शर्मा चार स्थान चढकर 14वें स्थान पर पहुंच गए। बल्लेबाजी रैंकिंग में अभिषेक शीर्ष पर बने हुए हैं जिन्होंने करियर के सर्वोच्च 884 रेटिंग अंक हासिल कर लिए। शुभमन गिल 39वें स्थान पर पहुंच गए हैं। तिलक वर्मा दो स्थान खिसककर चौथे और सूर्यकुमार यादव एक स्थान खिसककर सातवें स्थान पर हैं। इंग्लैंड के फिल साल्ट दूसरे और जोस बटलर तीसरे स्थान पर हैं।

## आरपी और प्रज्ञान को मिल सकती है बीसीसीआई चयन समिति में जगह

**मुम्बई (एजेंसी)।** पूर्व तेज गेंदबाज आरपी सिंह और स्पिनर प्रज्ञान ओझा अब चयनकर्ता की भूमिका में नजर आ सकते हैं। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार प्रज्ञान ओझा और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज आर पी को चयन समिति में जगह मिल सकती है।गौरतलब है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) चयनसमिति ने पिछले माह ही दो राष्ट्रीय चयनकर्ता पदों के लिए आवेदन मांगे थे। इसमें हालांकि दिग्गज पूर्व क्रिकेटरों ने रुचि नहीं दिखायी। केवल पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज प्रवीण कुमार ने आवेदन किया था। वहीं उत्तर प्रदेश के पूर्व तेज गेंदबाज आशीष विंस्टन जैदी और हिमाचल प्रदेश के शक्ति सिंह सेंट्रल जोन से अन्य उम्मीदवार थे।

बीसीसीआई ने अपने दो निवर्तमान चयनकर्ताओं सुब्रतो बनर्जी (सेंट्रल जोन) और एस शरत (साउथ जोन) की जगह लेने वाले उम्मीदवारों के लिए जरुरी योग्याताएं बीसीसीआई के अनुसार इन पदों के लिए वही व्यक्ति आवेदन कर सकता है। जिसने कम से कम सात टेस्ट मैच या 30 प्रथम श्रेणी मैच या 10 एकदिवसीय या 20 प्रथम श्रेणी मैच खेले हो। आवेदक को संन्यास लिए हुए पांच साल पूरे हो गये हों। इसके अलावा वह पांच साल की कुल अवधि के लिए बीसीसीआई की किसी भी क्रिकेट समिति का सदस्य नहीं होना चाहिए।

एक उम्मीदवार आर पी ने साल 2005 से 2011 के बीच 14 टेस्ट, 58 एकदिवसीय और 10 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। वहीं ओझा ने 24 टेस्ट, 18 वनडे और 6 टी-20 खेले हैं। ऐसे में ये दोनो ही जरुरी योग्यताएं पूरी करते हैं।

अब अशोक मल्होत्रा, जतिन परांजपे और सुलक्षणा नाइक वाली क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) इनके साक्षात्कार लेगी और उसके बाद चयनित नामों को बीसीसीआई पदाधिकारियों के पास भेजेगी।

## पीसीबी ने आईसीसी को दूसरा पत्र भेजकर पायक्रॉफ्ट की जगह रिचर्डसन को मैच रैफरी बनाने की मांग रखी

लाहौर । पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) एशिया कप के बहिष्कार से तो पीछे हट गया है पर मैच रैफरी एंडी पायक्रॉफ्ट को लेकर उसका विरोध बरकरार है। इसी कारण पीसीसी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को एक और पत्र भेजा है। पीसीबी ने इस पत्र में पायक्रॉफ्ट को हटाकर रिची रिचर्डसन को मैच रैफरी बनाने की मांग की है। गत दिवस ही पीसीबी ने आईसीसी को एक नये ईमेल में पायक्रॉफ्ट को उसके सारे मैचों से हटाने की मांग रख दी। हालांकि अभी तक इस मामले में आईसीसी ने कुछ नहीं कहा है। पायक्रॉफ्ट से पाक को आपत्ति है। उसका मानना है कि वह भारतीय टीम से प्रभावित हैं। इस विवाद की शुरुआत भारत से साथ हुए मैच में हुई। भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव सहित भारतीय टीम ने पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में पाकिस्तानी टीम से हाथ नहीं मिलाया। पीसीबी ने इस विवाद के लिये पायक्रॉफ्ट को जिम्मेदार बताते हुए कहा कि उन्होंने पाक कप्तान सलमान आगा से कहा था कि सूर्यकुमार से हाथ नहीं मिलाये और दोनों कप्तानों को टीम शीट का आदान-प्रदान भी नहीं करने दिया। पीसीबी ने भारतीय खिलाड़ियों पर खेल भावना का पालन नहीं करने और पायक्रॉफ्ट पर भेदभाव का आरोप लगाया। इसके बाद टूर्नामेंट के बहिष्कार की धमकी भी दी और पायक्रॉफ्ट को हटाने की मांग की जिसे आईसीसी ने खारिज कर दिया। पाक टीम निदेशक नवीद अकरम चीमा ने आरोप लगाया है कि पायक्रॉफ्ट बीसीसीआई के निर्देशों पर काम कर रहे हैं।

## ओमान के खिलाफ मैच में बुमराह को आराम दे सकती है भारतीय टीम



**-अर्शदीप या हर्षित राणा को मिल सकतता है अवसर**


**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम बुधवार को अपने अंतिम लीग मैच में शुक्रवार को ओमान से खेलेगी। इस मैच में मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम दिया जा सकता है क्योंकि भारतीय टीम पहले ही सुपर फोर में पहुंच गयी है और ये मैच केवल औपचारिकता भर है। इस मैच में टीम प्रबंधन युवा तेज गेंदबाजों अर्शदीप सिंह या हर्षित राणा को अवसर दे सकता है। इस मैच में बुमराह के अलावा अन्य कोई बदलाव शायद ही किया जाये। भारतीय टीम सुपर चार में 21, 24 और 26 सितंबर को अपने मैच खेलेगी। इसके बाद 28 सितंबर को फाइनल खेला जाएगा। ऐसे में भारतीय टीम फाइनल में पहुंची तो उसे कमुकाबले के लिए क्वालीफाई करती है तो उसेसात दिनों में कुल चार मैच खेलने पड़ सकते हैं। ऐसे में टीम प्रबंधन बुमराह जैसे प्रमुख गेंदबाज को आगे के चुनौतीपूर्ण दौर के लिए तरोताजा रखना चाहेगा। बुमराह को औपचारिक मैच में उतारकर उनकी फिटनेस को खतरे में डालना टीम प्रबंधन नहीं चाहेगा। उन्हें किसी कम महत्व वाले मैच की जगह टूर्नामेंट के आखिरी चरण के लिए पूरी तरह से तैयार रखना प्रबंधन के लिए अधिक जरुरी है। ऐस में ओमान के खिलाफ अर्शदीप सिंह या हर्षित राणा में से किसी एक को उतारा जा सकता है। अर्शदीप का दावा हालांकि मजबूत होगा क्योंकि वह अधिक अनुभवी है और टी20 अंतरराष्ट्रीय में उन्हें 100 विकेट पूरा करने के लिए केवल एक विकेट ही चाहिये।

## अब मॉडल महिका के साथ हार्दिक के अफेयर की चर्चाएं



मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या सार्बियाई मॉडल नताशा स्टैंकोविक से तलाक के बाद से ही अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। नताशा से तलाक के बाद पहले उनकी जिंदगी में पहले ब्रिटिश सिंगर जैस्मिन वालिया आई थी पर उसके साथ ही उनका रिश्ता लंबा नहीं चला और दोनो के बीच ब्रेकअप हो गया। वहीं अब उनकी अफेयर की चर्चाएं मॉडल महिका शर्मा से चल रही हैं। यह सब तब शुरू हुआ जब महिका की एक सेल्फी के बैकग्राउंड में हार्दिक जैसी झलक दिखने का दावा किया गया. इतना ही नहीं महिका की एक पोस्ट में जर्सी नंबर 33 का जिक्र था, जो हार्दिक का है। दोनों के सोशल मीडिया पर एक-दूसरे को फॉलो करने और महिका के हार्दिक की पोस्ट्स को लाइक करने से भी अफवाहों को बल मिला है। हालांकि अभी तक हार्दिक और महीका ने अपने रिश्ते पर कोई आधिकारिक बयान दिया है। जहां तक महिका की बात है। वह एक उभरती हुई मॉडल और अभिनेत्री हैं, जिसने इकोनॉमिक्स और फाइनेंस में डिग्री हासिल करने के बाद मॉडलिंग और एक्टिंग को अपनाया। महिका कई म्यूजिक वीडियोज, फिल्मों के अलावा बड़े ब्रांड्स के लिए विज्ञापन अभियान में भी शामिली रही हैं। वहीं सोशल मीडिया पर अब हार्दिक और महिका के अफेयर की अफवाएं जोरों पर हैं।

## बांग्लादेश से हार के बाद रोने लगे राशिद खान, इन खिलाड़ियों की निकाली गलती



**दुबई (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने अबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ अपने दूसरे लीग मैच के दौरान खराब खेलने के लिए अपने साथियों को दोषी ठहराया और लिटन दास की अगुवाई वाली टीम ने उन्हें आठ रनों से हराकर एशिया कप 2025 के सुपर फोर की दौड़ में बने रहने के लिए जीत हासिल की।

बांग्लादेश के खिलाफ 11 गेंदों पर 20 रन बनाने वाले राशिद का मानना है कि उन्होंने कुछ गैरजिम्मेदाराना शॉट खेले और उन्होंने खुद पर काफी दबाव बना लिया।

राशिद खान ने मैच के बाद कहा, 'हम अंत तक मैच में थे, लेकिन उसे जीत नहीं सके। 18 गेंदों में 30 रन बनाना आसान था। हमने उस तरह का क्रिकेट नहीं खेला जिसके लिए हम जाने जाते हैं - आक्रामक क्रिकेट। हमने खुद पर बहुत दबाव बना लिया। जिस तरह से हमने गेंद से वापसी करते हुए उन्हें 160 के अंदर रोका, वह खास था। लेकिन बल्लेबाजी में हमने कुछ गैर-जिम्मेदाराना शॉट खेले।'

टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में हांगकांग के खिलाफ शानदार जीत के बाद अफगानिस्तान अब अपने तीसरे ग्रुप स्टेज मुकाबले में श्रीलंका से भिड़ेगा, जो उसी मैदान पर होगा। राशिद ने कहा कि उनकी टीम अपने आखिरी ग्रुप स्टेज मुकाबले के लिए श्रीलंका के खिलाफ पूरी तैयारी के साथ उतरेगी।

राशिद ने आगे कहा, 'टी20 में कभी-कभी विरोधी टीम पहले छह ओवरों में ही मैच अपने नाम कर लेती है, लेकिन फिर आपको वापसी करनी होती है। इस मैच से हमें बहुत कुछ सीखने को मिला। एशिया कप में हर मैच अहम होता है। हमें श्रीलंका के खिलाफ अच्छी तैयारी करनी होगी, यह हमारे लिए एक बड़ी चुनौती होगी।

## सूर्यकुमार बेहतरीन कप्तान के तौर पर उभरे : कैफ



मुम्बई । पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप मुकाबले में अच्छी कप्तानी के लिए सूर्यकुमार यादव की प्रशंसा की है। कैफ ने कहा कि सूर्यकुमार ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच में शानदार बल्लेबाजी के साथ ही भारतीय टीम को एकतरफा जीत दिलायी। इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा, सूर्यकुमार इस एशिया कप में एक बेहतरीन कप्तान के रूप में उभरे हैं। भारी दबाव वाले मैच में विजयी रन बनाना, गेंदबाजों पर नियंत्रण करना और सोशल मीडिया के प्रभाव से टीम को बचाना आसान नहीं था पर उन्होंने इसके बाद भी सब कुछ काफी अच्छे से संभाला। सूर्यकुमार ने टीम की जीत को भारतीय सेना और पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को समर्पित किया। इसके अलावा टॉस के दौरान और मैच के बाद भी पाक खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से इंकार कर एक कड़ा संदेश भी दिया।

## वनडे में संन्यास से वापसी के बाद ग्लेन मैक्सवेल ने खेली धमाकेदार पारी, सिर्फ इतनी गेंदों में ठोका शतक



**स्पोर्ट्स डेस्क ।** ऑस्ट्रेलिया के दो बार के वनडे विश्व कप विजेता ग्लेन मैक्सवेल ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल में भारत से हार के बाद फिटनेस समस्याओं के कारण वनडे प्रारूप से संन्यास ले लिया था। विक्टोरिया के लिए ऑस्ट्रेलिया के वनडे कप में वापसी करते हुए उन्होंने मार्नस लाबुशेन की क्वींसलैंड टीम के खिलाफ असफल रन चेज में 82 गेंदों में 107 रनों की शानदार पारी खेलकर ब्रिस्बेन के दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। दिलचस्प बात यह है कि विक्टोरिया के लिए अपने 15 साल के करियर में मैक्सवेल का लिस्ट ए (वन-डे) प्रारूप में यह पहला शतक है।

36 वर्षीय मैक्सवेल 311 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए उस समय बल्लेबाजी करने आए जब विक्टोरिया का स्कोर 24 ओवर में 104/5 था। माइकल नेसर ने नई गेंद से खूब धमाल मचाया, मैथ्यू शॉर्ट और मार्कस हैरिस को शून्य पर और हैरी डिक्सन को दहाई के स्कोर पर आउट किया। थॉमस रोजर्स ने 23 रन बनाए जबकि पीटर हैंड्सकॉम्ब 73 गेंदों पर 55 रन बनाकर आउट हुए।

**रन चेज में मैक्सवेल का अकेले दम पर प्रयास**

34वें ओवर में विक्टोरिया का स्कोर 164/7 था। मैक्सवेल ने अगले ओवर में दो छक्के लगाकर 37 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने आसानी से बाउंड्री लगाई। जैसे-जैसे स्लॉग ओवर नजदीक आए, उन्होंने तेजी पकड़ी। 43वें ओवर में उन्होंने गुरिंदर संधू पर दो छक्के लगाकर 73 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। 46वें ओवर में मैक्सवेल का धैर्य भी जवाब दे गया क्योंकि आवश्यक रन रेट उनके हाथ से निकल गया। टॉम स्ट्रैकर ने उनका कैच लिया। मैक्सवेल ने 82 गेंदों में 107 रनों की पारी में 8 चौके और 7 छक्के लगाए। विक्टोरिया 46.2 ओवर में 255 रन पर आउट हो गई और 55 रनों से मैच हार गई।

### टीम इंडिया के लिए भाग्यशाली साबित हुए हैं

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के लिए ऑलराउंडर शिवम दुबे भाग्यशाली साबित हुए हैं। शिवम के आंकड़े देखने से ये बात साबित होती है। इस ऑलराउंडर ने अब तक 37 टी20 मैच खेले हैं जिसमें से 32 में उनके अंतिम ग्यारह में होने पर भारतीय टीम जीती है। ऐसे में कहा जाने लगा है कि शिवम का होना ही जीत की गारंटी बन गया है क्योंकि इससे पहले किसी क्रिकेटर के साथ ऐसा नहीं हुआ है। पिछले छह साल में उनके अंतिम ग्यारह में रहते टीम सभी मैच जीती है। शिवम ने साल 2019 में टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था हालांकि बांग्लादेश के खिलाफ हुए मैच में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था और भारतीय टीम को भी हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद उन्होंने तीन और मैच खेले, जिनमें भारतीय टीम जीती लेकिन पांचवें मैच में टीम को हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद उनके रहते टीम एक भी मैच नहीं हारी। दिसंबर 2019 से अभी तक शिवम ने 32 टी20 अंतराष्ट्रीय मैच खेले हैं और इसमें से 30 में भारतीय टीम जीती है। वहीं दो मुकाबले बारिश के कारण पूरे नहीं हुए। ये पहली बार है जब किसी खिलाड़ी के रहते हुए टीम इतने ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मैच जीत है। शिवम ने 37 मैचों की 27 पारियों में कुल 541 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 140 से ज्यादा का है और औसत 31.82 का है। वे 10 बार नॉटआउट रहे हैं, जबकि 37 चौके और 29 छक्के उनके बल्ले से निकले हैं। 4 अर्धशतक भी उनके नाम दर्ज हैं।



## अगर लिवरपूल में पदक नहीं मिलता तो फिर कोशिश नहीं करती: पूजा रानी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** अनुभवी मुक्केबाज पूजा रानी ने सोच लिया था कि अगर विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में चौथी बार खेलते हुए वह पदक नहीं जीत पाती तो दोबारा कोशिश नहीं करेंगी । लेकिन भिवानी की 34 वर्षीय इस मुक्केबाज को लिवरपूल में 80 किलो वर्ग में पोडियम पर खड़े होने का मौका मिला।

तोक्यो ओलंपिक खेल चुकी पूजा ने कहा, 'इस बार भी मैने खुद से कहा था कि अगर नहीं जीती तो दोबारा नहीं खेलूंगी।'

उन्होंने आगे कहा, 'मैं हमेशा अपना शत प्रतिशत देती हूं लिहाजा हारने पर दिल टूट जाता है । मैने पिछले चार पांच महीने से कडा अभ्यास किया था और मुझे खुशी है कि मेहनत रंग लाई। मैं मार्च में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप से ही अभ्यास कर रही हूं।'

चार बार एशियाई चैम्पियनशिप में पदक जीत चुकी पूजा सेमीफाइनल में इंग्लैंड की एमिली एस्कीथ (श्द्वद्बद्य4, ह्यह्लह्वद्बह्लद्ध) से हार गई लेकिन कांस्य पदक जीता। इस पर उन्होंने कहा, 'मैं बहुत खुश हूं । यह मेरी चौथी विश्व चैम्पियनशिप थी और मैने पहली बार पदक जीता । यह खास है।' कुछ साल पहले कंधे की चोट और एक बड़े टूर्नामेंट से ठीक पहले हाथ जलने के कारण पूजा के कैरियर पर खतरा पैदा हो गया था लेकिन उसने तोक्यो ओलंपिक से पहले वापसी की।

पूजा ने 2019 और 2021 एशियाई चैम्पियनशिप में पदक जीते हालांकि तोक्यो में वह 75 किलोवर्ग के क्वार्टर फाइनल में हार गई। फिर मई 2022 में पिता के निधन के बाद उन्होंने विश्व चैम्पियनशिप खेली लेकिन ब्रेक ले लिया। फिर 2023 की शुरूआत में उनका विवाह हुआ और एक साल बाद रिंग पर लौटकर उन्होंने राष्ट्रीय खिताब जीता। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन पेरिस ओलंपिक में 75 किलो वर्ग में जगह बना चुकी थी। पूजा ने पिछला एक साल 75 किलो से 80 किलो में जाने पर लगाया। अब उनकी नजरें 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक चक्र पर है। उन्होंने कहा, 'मैं सोच रही हूं कि अब 70 किलोवर्ग में चली जाऊं।'



### अब पॉडकास्ट करेंगी विलियम्स बहनें

न्यूयार्क । अमेरिका की दिग्गज महिला टेनिस स्टार वीनस और उनकी बहन सेरेना विलियम्स अब पॉडकास्ट की दुनिया में उतरी हैं। सेरेना और वीनस ने पिछले दो दशक में टेनिस में सभी बड़े खिताब जीते हैं। सेरेना ने साल 2022 में अमेरिकी ओपन के रूप में अपना आखिरी टूर्नामेंट खेला था जबकि वीनस ने हाल में वर्ष के आखिरी ग्रैंड स्लैम के एकल, महिला युगल और मिश्रित युगल में भाग लिया था। सेरेना और वीनस अपने पॉडकास्ट का पहला एपिसोड ''स्टॉकटन स्ट्रीट'' लॉन्च करेंगी। ये नाम कैलिफ़ोर्निया के कॉम्पटन में उनके घर के नाम पर रखा गया है। यह हर दूसरे सप्ताह को प्रसारित होगा और इसे एक्स पर जारी किया जाएगा।इसका पहला एपिसोड अमेरिकी ओपन के मुख्य स्टेडियम आर्थर ऐश स्टेडियम में फिल्माया गया था।



# अर्बन कंपनी आईपीओ की धमाकेदार लिस्टिंग

**- निवेशकों को मिला 8,400 रुपए से ज्यादा मुनाफा**

**नई दिल्ली**

डॉमेस्टिक हेल्प से संबंधित सर्विसेज प्रोवाइडर अर्बन कंपनी आईपीओ के शेयर को बाजार में शानदार एंट्री के साथ लिस्ट हो गए। अर्बन कंपनी आईपीओ के शेयर बीएसई पर 161 रुपये प्रति शेयर पर लस्ट हुए। यह आईपीओ प्राइस बैंड के अपर एंड 103 रुपये की तुलना में 58 रुपये या 56.31 प्रतिशत का प्रीमियम दर्शाता है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर पटेल रिटेल के शेयर 162.25 रुपये पर लिस्ट हुए। यह इश्यू प्राइस के मुकाबले 59.25 रुपये या 57.52 प्रतिशत जायदा है। अर्बन कंपनी का आईपीओ लिस्टिंग काफी हद तक ग्रे मार्केट की उम्मीदों के अनुरूप रही। दलाल स्ट्रीट पर कंपनी की लिस्टिंग से पहले कंपनी के शेयर ग्रे मार्केट में लगभग 157.5 रुपये प्रति शेयर पर कारोबार कर रहे थे, जो आईपीओ इश्यू प्राइस से 54.5 रुपए या लगभग 52.91 प्रतिशत का ग्रे मार्केट प्रीमियम दर्शाता है। अर्बन कंपनी आईपीओ ने निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया है। कंपनी के शेयर बीएसई पर 161 रुपये के भाव पर लिस्ट हुए। आईपीओ के हर लॉट में 145 शेयर थे। इस तरह, निवेशकों को हर लॉट पर 8410 रुपये का तगड़ा फायदा हुआ है। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, अर्बन कंपनी के आईपीओ को 109 गुना सब्सक्रिप्शन मिला। आईपीओ को पेशकश पर रखे गए 10.15 करोड़ शेयरों के मुकाबले 11.06 अरब शेयरों के लिए बोलियां मिली। क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल खरीदारों ने आईपीओ को सबसे ज्यादा अप्लाई किया। उन्होंने अपने लिए रिजर्व हिस्से को 147.35 गुना अप्लाई किया।

जबकि नॉन-इंस्टीट्यूशनल निवेशकों ने 77.82 गुना सब्सक्राइब किया। रिटेल निवेशकों के लिए रिजर्व हिस्से को 41.5 गुना बुक किया गया

# ओला ने इंसेंटिव स्कीम के तहत सरकार से मांगी 400 करोड़ की प्रोत्साहन राशि

**-कंपनी ने यह क्लेम 2024-25 में 3,000 करोड़ की बिक्री के आधार पर किया**



**नई दिल्ली**

भारत की इलेक्ट्रिक व्हीकल इंडस्ट्री में अग्रणी कंपनी ओला इलेक्ट्रिक ने प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम के तहत सरकार से करीब 400 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि का दावा किया है। कंपनी ने यह क्लेम वित्त वर्ष 2024-25 में करीब 3,000 करोड़ की पात्र बिक्री के आधार पर किया है इससे कंपनी के शेयरों में हल्की तेजी आई और यह करीब 60.50 पर ट्रेड कर रहा है, जो पिछले बंद भाव से करीब 3 फीसदी की बढ़त दर्शाता है। ओला इलेक्ट्रिक को यह फायदा इसलिए मिलने वाला है क्योंकि कंपनी ने उत्पादन और बिक्री दोनों में सरकार द्वारा तय मानकों को पूरा किया है। पीएलआई योजना के तहत कंपनियों को स्थानीय उत्पादन और रेगुलेटरी नियमों का पालन करने पर इंसेंटिव दिया जाता है। इस आधार पर ओला को बिक्री का करीब 13 से 14 फीसदी यानी करीब 400 करोड़ रुपए मिलने की उम्मीद है। बता दें ओला इलेक्ट्रिक पिछले साल भी इस योजना के तहत इंसेंटिव पाने वाली इकलौती टू-व्हीलर कंपनी थी।

लगातार दूसरे साल भी कंपनी ने पात्र बिक्री में नंबर-वन पोजिशन हासिल कर अपनी लीडरशिप को मजबूत किया है।हाल ही में कंपनी ने ऐलान किया था कि उसकी जेन 3 स्कूटर लाइनअप, जिसमें एस1 सीरीज के सभी मॉडल शामिल हैं, पूरी तरह से पीएलआई योजना के तहत प्रमाणित हो चुकी है।

यह कंपनी की सबसे ज्यादा बिकने वाली रेंज है और इसका सीधा असर कंपनी की कमाई और मुनाफे पर पड़ेगा। वहीं विशेषज्ञों का मानना है कि 2026 की दूसरी तिमाही से कंपनी की प्रॉफिटेबिलिटी में बड़ा उछाल आ सकता है। यह इंसेंटिव न केवल ओला की लिक्विडिटी और फाइनेंशियल पोजिशन को मजबूत करेगा, बल्कि पूरी ईवी इंडस्ट्री को भी सकारात्मक संदेश देगा।

# महाराष्ट्र सरकार ने प्याज किसानों को राहत देने कई अहम फैसले लिए



**– जमाखोरी पर सख्ती, सौर ऊर्जा से प्याज प्रसंस्करण और किसानों के हितों की सुरक्षा पर सरकार का फोकस**

**मुंबई**

महाराष्ट्र के विपणन मंत्री जयकुमार रावल ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने केंद्र सरकार से प्याज निर्यात पर मिलने वाली सब्सिडी को दोगुना करने का आग्रह किया है। इसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय बाजार में निर्यात को प्रतिस्पर्धी बनाना और घरेलू बाजार में कीमतों को स्थिर रखना है।

मंत्री ने बताया कि इस साल राज्य में प्याज का उत्पादन 55 लाख टन तक बढ़ गया है, जिससे कीमतों में गिरावट की संभावना है। इसे देखते हुए निर्यात को बढ़ावा देने और किसानों को उचित लाभ दिलाने के लिए यह कदम आवश्यक है। केंद्र सरकार ने इस संबंध में सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। लासलगांव की मंडी, जो एशिया की सबसे बड़ी प्याज मंडी है, की कीमतें बाजार में मानक के रूप में देखी जाती हैं। इसलिए राज्य सरकार ने बाजार में जमाखोरी और कृत्रिम गिरावट पर रोक लगाने के लिए जिला कलेक्टरों के अंतर्गत सतर्कता समितियों को सक्रिय किया है।

दीर्घकालिक उपायों के तहत सरकार सौर ऊर्जा आधारित प्याज निर्जलीकरण परियोजनाएं शुरू करने जा रही है। इन परियोजनाओं के माध्यम से महिला स्वयं सहायता समूहों और किसान उत्पादक संगठनों की मदद से एक लाख टन प्याज का पाउडर और चिप्स के रूप में प्रसंस्करण किया जाएगा। इसके अलावा मंत्री ने वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य की 28 कृषि उपज बाजार समितियों के अध्यक्षों और सचिवों से संवाद कर स्थानीय स्तर पर गड़बड़ियों पर अंकुश लगाने और किसानों के हितों की रक्षा करने के निर्देश दिए।

# एनायरा एनर्जी ने हिंदुस्तान पेट्रोलियम को आपूर्ति बढ़ाई

**नई दिल्ली**

नायरा एनर्जी ने सरकारी कंपनी हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपसीएल) को परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति बढ़ा दी है। वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि दरअसल, यूरोपियन यूनियन (ईयू) के प्रतिबंधों के बाद रोसनेफ्ट समर्थित नायरा एनर्जी की इस रिफाइनरी से निर्यात अचानक गिरकर शून्य हो गया है। अधिकारी ने एक कार्यक्रम में अलग से बताया, नायरा उत्पादों (पेट्रोलियम)की आपूर्ति घरेलू कंपनियों में मुख्यतौर पर एचपीसीएल और कुछ छोटी कंपनियों शैल को करेगी।' नायरा एनर्जी में रूस की दिग्गज तेल कंपनी रोसनेफ का 49 प्रतिशत स्वामित्व है। यूरोपियन यूनियन ने 18वें प्रतिबंध पैकेज की घोषणा 18 जुलाई को की थी। इससे नायरा एनर्जी की रिफाइनरी से यूरोप को होने वाला निर्यात पूरी तरह खत्म हो गया था। नायरा के परिष्कृत उत्पादों के एचपीसीएल को अधिक आपूर्ति करने से कंपनी पर प्रतिबंधों का असर कम होगा। कंपनी ट्रक और पाइपलाइन के जरिए गुजरात स्थित एचपीसीएल के टर्मिनल को उत्पादों की आपूर्ति कर सकती है। नायरा प्रमुख तौर पर एचपीसीएल को प्राथमिक तौर पर आपूर्ति बढ़ा रही है जबकि भारत की अन्य तेल कंपनियों जैसे इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसीएल), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (बीपीसीएल) और रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) के पास अपनी मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त रिफाइनिंग क्षमता है। अधिकारी ने बताया कि निर्यात नहीं होने और कच्चे तेल की बाधित आपूर्ति के कारण अभी नायरा अपनी रिफाइनिंग क्षमता का 60 से 80 प्रतिशत ही उपयोग कर रही है।

# भारत का बड़ा लक्ष्यः 2047 तक 1,800 गीगावॉट गैर जीवाश्म ऊर्जा क्षमता

**नई दिल्ली**

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने एक एनर्जी ट्रांजिशन समिट में बताया कि भारत ने गैर जीवाश्म ईंधन स्रोतों पर आधारित बिजली उत्पादन क्षमता 2047 तक बढ़ाकर 1,800 गीगावॉट करने का लक्ष्य रखा है। वर्तमान में यह क्षमता 252 गीगावॉट है। उन्होंने कहा कि भारत 2030 तक इसे 500 गीगावॉट तक बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। जोशी ने बताया कि भारत की सौर बिजली उत्पादन क्षमता 2014 में 2.82 गीगावॉट से बढ़कर अब 124 गीगावॉट तक पहुंच चुकी है। पवन ऊर्जा क्षमता भी इसी दौरान 21 गीगावॉट से 53 गीगावॉट हो गई है। देश में नवीकरणीय ऊर्जा का तेजी से विकास हो रहा है और चालू वित्त वर्ष के पांच महीनों में 23 गीगावॉट की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ी गई है। मंत्री ने कहा कि पीएम सूर्यघर योजना के तहत 20 लाख से अधिक सौर उत्पादन संयंत्र लगाए गए हैं। इस साल की नीतिगत पहलों के चलते 30 लाख नए संयंत्र लगाने का लक्ष्य है। इसी के साथ भारत 1.5 वर्षों में 1 करोड़ रूफटॉप सोलर इंस्टालेशन पूरा करने की दिशा में अग्रसर है। जोशी ने यह भी बताया कि देश की सौर मॉड्यूल विनिर्माण क्षमता अब 100 गीगावॉट तक पहुंच चुकी है, जो मार्च 2024 और मार्च 2025 के बीच दोगुनी हो जाएगी। साथ ही, सोलर फोटोवोल्टेइक सेल निर्माण क्षमता 9 गीगावॉट से बढ़कर 27 गीगावॉट हो गई है।यह स्पष्ट है कि



भारत नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की ओर तेजी से बढ़ रहा है और 2047 तक अपने ऊर्जा उत्पादन को पूरी तरह से स्थायी बनाने का मजबूत संकल्प लिए हुए है।

# अटलांटा इलेक्ट्रिकल्स का 687 करोड़ का आईपीओ 22 सितंबर को खुलेगा

**नई दिल्ली**

बिजली, वाहन और इन्वर्टर ड्यूटी ट्रांसफार्मर बनाने वाली कंपनी अटलांटा इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड का 687 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 22 सितंबर को खुलेगा। कंपनी ने आईपीओ के लिए 718 से 754 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है, जिससे कंपनी का ऊपरी स्तर पर मूल्यांकन लगभग 5,800 करोड़ रुपये बैठता है। अटलांटा इलेक्ट्रिकल्स का आईपीओ 24 सितंबर को बंद होगा। एंकर निवेशक 19 सितंबर को शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे। गुजरात स्थित यह कंपनी आईपीओ के तहत 400 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी करेगी और प्रवर्तक तथा अन्य शेयरधारकों द्वारा मूल्य दायरे के ऊपरी स्तर पर 287 करोड़ रुपये मूल्य के 38.1 लाख इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाई जाएगी। कंपनी नए शेयरों की बिक्री से प्राप्त राशि का उपयोग ऋण भुगतान, कंपनी की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने और सामान्य कंपनी कामकाज के लिए करेगी।

# भारत का एआई मिशन होगा और मजबूत

**– बजट बढ़ाकर 20,000 रुपए करोड़ करने की तैयारी**

**नई दिल्ली** भारत सरकार इं डिया एआई के तहत अगले पांच वर्षों में खर्च को 10,372 करोड़ से बढ़ाकर 20,000 करोड़ रुपए करने की योजना बना रही है। इस पहल का उद्देश्य देश को एआई तकनीक में आत्मनिर्भर बनाना और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना है। मामले से जुड़े सूत्रों के अनुसार, बढ़ा हुआ बजट जीपीयू क्षमता बढ़ाने, स्वदेशी फाउंडेशन मॉडल विकसित करने और अधिक स्टार्टअप्स को शामिल करने में खर्च किया जाएगा। सरकार ने पहले ही चार स्टार्टअप सर्वम एआई, सॉकेट एआई, गण एआई और ज्ञानी एआई को चयनित किया है, जो भारत के लिए अलग-अलग क्षेत्रों में मल्टी-लैंग्वेज और एडवांस्ड एआई मॉडल्स तैयार कर रहे हैं। उदाहरण के तौर पर सर्वम एआई प्रशासनिक सेवाओं के लिए 120 अरब पैरामीटर वाला ओपन-सोर्स बना रहा है, जबकि ज्ञानी एआई वॉयस-बेस्ड, रीयल-टाइम स्पीच प्रोसेसिंग मॉडल तैयार कर रही है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार, भारत की जीपीयू क्षमता को 18,417 से बढ़ाकर 40,000 किया गया है। यह मिशन भारत को एआई स्टैक की हर परत–डेटा, मॉडल, क्लाउड से लेकर एप्लिकेशन तक में स्वतंत्र बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभाएगा। सरकार आठ और कंपनियों को एआई मॉडल डेवलपमेंट के अनुबंध देने की प्रक्रिया में है, जिनमें टेक महिंद्रा, फैक्टल, भारतजेन और जेनलूप शामिल हैं।

## आईसीआईसीआई बैंक को 49.11 करोड़ का जीएसटी नोटिस

**नई दिल्ली** आईसीआईसीआई बैंक को जीएसटी के कथित कम भुगतान को लेकर 49.11 करोड़ रुपए का डिमांड नोटिस मिला है। यह आदेश 15 सितंबर 2025 को पश्चिम बंगाल के अतिरिक्त राजस्व आयुक्त (अपील) द्वारा पश्चिम बंगाल जीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 107 के तहत जारी किया गया। इस मांग में 23.52 करोड़ कर, 23.23 करोड़ ब्याज और 2.35 करोड़ जुर्माना शामिल है। विवाद का मुख्य मुद्दा बैंक द्वारा उन ग्राहकों को दी गई सेवाएं हैं, जो अपने खातों में न्यूनतम शेष राशि बनाए रखते हैं। कर अधिकारियों का मानना है कि इन सेवाओं पर जीएसटी देय है। आईसीआईसीआई बैंक ने कहा है कि वह आदेश की समीक्षा कर रहा है और समयसीमा के भीतर अपील करेगा। बैंक ने पूर्व में भी इसी मुद्दे पर विभिन्न कर अधिकारियों से नोटिस और आदेश प्राप्त किए हैं।

## इस्पात उद्योग को कार्बन-मुक्त करने योजना लाएगी सरकारः सचिव

**नई दिल्ली** इस्पात सचिव संदीप पौंड्रिक ने बुधवार को कहा कि सरकार स्वच्छ इस्पात निर्माण प्रौद्योगिकी की स्वीकार्यता को बढ़ावा देने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए 5,000 करोड़ रुपये की योजना पर काम कर रही है। मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी ने राष्ट्रीय राजधानी में 'एफटी लाइव एनर्जी ट्रांजिशन समिट इंडिया' के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि सतत इस्पात के लिए राष्ट्रीय मिशन का प्रस्ताव विचाराधीन है। यह 5,000 करोड़ रुपये की योजना है। पौंड्रिक ने कहा कि इस योजना में देश के सभी इस्पात विनिर्माता शामिल होंगे, जिसमें 75-80 प्रतिशत धनराशि द्वितीयक क्षेत्र की कंपनियों के लिए निर्धारित की गई है। इसका उद्देश्य स्वच्छ प्रौद्योगिकियों और वैकल्पिक सामग्रियों के उपयोग को प्रोत्साहित करके इस्पात उत्पादन में कम कार्बन उत्सर्जन को बढ़ावा देना है। उनकी यह टिप्पणी इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत पेरिस समझौते पर हस्ताक्षरकर्ता है और इसका लक्ष्य शुद्ध-शून्य उत्सर्जन वाला देश बनना है।

## रुपया गिरावट पर बंद



**मुंबई** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया बुधवार को 74 पैसे की गिरावट के साथ ही 87.83 पर बंद हुआ। इससे पहले अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की संभावना के बीच आज सुबह रुपया डॉलर के मुकाबले 28 पैसे मजबूत होकर 87.81 पर खुला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय में रुपया मंगलवार को 88.09 से बढ़कर बुधवार को 87.81 पर पहुंच गया। इसके विपरीत, डॉलर सूचकांक 0.11 फीसदी बढ़कर 96.73 पर कारोबार कर रहा था, जो छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की स्थिति दर्शाता है। फेडरल रिजर्व की आगामी घोषणाओं से वैश्विक मुद्रा बाजार में उतार-चढ़ाव की संभावना बनी हुई है ।

# अदाणी पोर्ट्स करेगा 30,000 करोड़ का बड़ा निवेश

**– 2030 तक 1 बिलियन टन माल हैंडलिंग का लक्ष्य**



**मुंबई** अदाणी पोर्ट्स और स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) अगले दो वर्षों में अपने घरेलू ऑपरेशन को बढ़ाने के लिए लगभग 30,000 करोड़ का निवेश करने जा रहा है। यह निवेश मौजूदा वित्तीय वर्ष के 11,000-12,000 करोड़ रुपए के निवेश से दोगुना होगा। कंपनी का लक्ष्य 2030 तक सालाना 1 बिलियन टन माल संभालना है, जिसमें 850 मिलियन टन भारत के पोर्ट्स से और 140-150 मिलियन टन विदेशी पोर्ट्स से आएगा। वित्त वर्ष 26 में निवेश इस प्रकार होगाः पोर्ट्स में 6,500-7,000करोड़, लॉजिस्टिक्स में 2,300 करोड़, रिन्यूएबल्स में 1,500 करोड़ और मरीन सर्विसेज़ में 700-800 करोड़ खर्च किए जाएंगे। निवेश का बड़ा हिस्सा गुजरात के मुंद्रा, ओडिशा के धमरा और केरल के विजिन्जम पोर्ट्स में बर्थ और टर्मिनल बढ़ाने तथा विजिन्जम ट्रांसशिपमेंट हब के विस्तार में किया जाएगा। विजिन्जम हब ने लॉन्च के नौ महीनों में 1 मिलियन टीईयू से अधिक कंटेनर हैंडल कर लिए हैं। मुंद्रा पोर्ट पर रूसी क्रूड तेल लेकर आया प्रतिबंधित टैंकर स्पार्टनपहुंचा, जिसे एचपीसीएल-मित्तल इनर्जी लि मिटेड के लिए तेल उतारना था। एपीएसईजेड ने 11 तंबर से पश्चिमी देशों के प्रतिबंधित टैंकरों को पोर्ट में प्रवेश से रोक रखा है। वहीं, दूसरा प्रतिबंधित टैंकर नोबल वाकर ने मुंद्रा की जगह वडिनार पोर्ट का रुख किया। पिछले आठ महीनों में मुंद्रा पोर्ट ने रोजाना करीब 1,80,000 बैरल रूसी क्रूड तेल हैंडल किया है।

# शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद सेंसेक्स 313, निफ्टी 91 अंक ऊपर आया

**मुम्बई**

भारतीय शेयर बाजार बुधवार को तेजी के साथ बंद हुए। सप्ताह के तीसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले-जुले संकेतों के बीच भी खरीददारी हावी होने से आई है। आज 30 शेयरों वाला बीएसई बीएसई सेंसेक्स 313.02 अंक बढ़कर 82,693.71 अंकों पर बंद हुआ। इसी तरह 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी भी आज 91.15 अंकों की तेजी के साथ ही 25,330.25 अंकों पर बंद हुआ। वहीं गत दिवस भी बाजार तेजी के साथ बंद हुआ था। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 20 कंपनियों के शेयर बढ़त पर बंद हुए। वहीं इसी तरह निफ्टी 50 की 34 कंपनियों के शेयर ऊपर आकर बंद हुए। वहीं 16 कंपनियों के शेयरों में गिरावट रही। आज सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल भारतीय स्टेट बैंक के शेयर सबसे ज्यादा 3.02 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुए। जबकि, बजाज फिनसर्व के शेयर आज सबसे ज्यादा 0.99 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुए। बीईएल, कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरों में उछाल आया। सेंसेक्स की बाकी कंपनियों में आज बीईएल के शेयर 2.36 फीसदी, कोटक महिंद्रा बैंक 1.43 फीसदी, , मारुति सुजुकी 1.35 फीसदी, ट्रेंट 1.21 फीसदी, , अल्ट्राटेक सीमेंट 1.20 फीसदी, , टेक महिंद्रा 1.03 फीसदी, , टीसीएस 0.87 फीसदी, , टाटा मोटर्स 0.77 फीसदी, , इंफोसिस 0.77 फीसदी, , महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.76 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं वहीं दूसरी ओर, टाइटन के शेयर 0.98 फीसदी, , आईटीसी 0.93 फीसदी, , टाटा स्टील 0.44 फीसदी, , पावरग्रिड 0.42 फीसदी, , हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.26 फीसदी, , एचसीएल टेक 0.21फीसदी, , आईसीआईसीआई बैंक 0.20 फीसदी टूटकर बंद




हुए। इससे पहले आज सुबह कारोबार की शुरुआत तेजी से हुई। भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर सकारात्मक खबरों ने निवेशकों के सेंटीमेंट को मजबूती दी।

इससे बाजार में लगभग सभी सेक्टरों में खरीदारी देखी गई, खासकर आईटी स्टॉक्स ने बाजार को अच्छा सपोर्ट दिया। सेंसेक्स 82,506.40 अंक पर खुला और शुरुआती कारोबार में 150.49 अंक की तेजी के साथ 82,531.18 पर पहुंच गया। वहीं एनएसई निफ्टी 25,276 पर खुला और जल्द ही 25,300 अंक के पार निकल गया। वहीं एशियाई बाजारों में गिरावट रही, जिसका मुख्य कारण वॉल स्ट्रीट में मंगलवार को आई कमजोरी थी।

जापान का टॉपिक्स 0.53 फीसदी गिर गया, जबकि कोरिया का कोस्पी और ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 क्रमशः 0.94 और 0.63 फीसदी नीचे रहे। निवेशकों की नजर अब अमेरिकी फेडरल रिजर्व की दो दिवसीय बैठक पर टिकी है। अनुमान है कि फेड इस बार ब्याज दरों में कटौती कर सकता है, जो वैश्विक बाजारों के लिए राहत की खबर हो सकती है।

# सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल ने बैंगलोर में 50-बेड का नया अस्पताल शुरू किया

**इंटरनेशनल नी एंड ऑर्थोपेडिक सेंटर के सहयोग से एचएसआर लेआउट में विश्व-स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएँ मिलेंगी**

**बेंगलुरु**


भारत का पहला 100त्न एफडीआई आधारित अस्पताल, सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल ने इंटरनेशनल नी एंड ऑर्थोपेडिक सेंटर के साथ मिलकर बेंगलुरु के एचएसआर लेआउट में एक अत्याधुनिक मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल खोला है। इस 50-बेड की नई सुविधा का उद्घाटन कर्नाटक सरकार के मंत्री एम. बी. पाटिल ने किया।इस नए अस्पताल में कई प्रमुख बीमारियों के लिए विशेषज्ञ सेवाएँ उपलब्ध होंगी, जिनमें ऑर्थोपेडिक्स, ऑर्थोस्पाइन, जनरल सर्जरी, कार्डियक सर्जरी, यूरोलॉजी, प्लास्टिक सर्जरी और न्यूरोसर्जरी शामिल हैं। यह पहल रोगी-केंद्रित देखभाल, उन्नत तकनीक और नैदानिक उत्कृष्टता को मिलाकर स्वास्थ्य सेवाओं को एक नई ऊँचाई पर ले जाएगी।उद्घाटन के दौरान, मंत्री एम. बी. पाटिल ने कहा, यह अत्याधुनिक संस्थान जोड़ों और रीढ़ की बीमारियों के उपचार में क्रांतिकारी साबित होगा। स्वस्थ नागरिक ही मजबूत परिवार और समृद्ध समाज का निर्माण करते हैं।सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक युइची नागानो ने कहा कि इंटरनेशनल नी एंड ऑर्थोपेडिक सेंटर के साथ यह सहयोग अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नई शुरुआत है। उन्होंने कहा, हमारी विशेषज्ञता और उन्नत तकनीकों को समुदाय तक पहुँचाकर हम समय पर उपचार और बेहतर परिणाम सुनिश्चित करेंगे।

ग्रुप सीओओ लवकेश फासू ने बताया कि



यह सुविधा रोगियों को केंद्र में रखकर बनाई गई है। हमारा उद्देश्य एक ऐसा स्वास्थ्य तंत्र बनाना है जो आधुनिक, उत्तरदायी और प्रगतिशील हो। वहीं, डॉ. चंद्रशेखर पी. ने कहा कि यह साझेदारी दो प्रतिष्ठित संस्थानों की शक्तियों को एक ही छत के नीचे लाएगी, जिससे एचएसआर लेआउट के निवासियों की बढ़ती स्वास्थ्य ज़रूरतों को पूरा किया जा सकेगा।यह नई सुविधा, अपने आधुनिक बुनियादी ढांचे, अनुभवी डॉक्टरों की टीम और 24×7 सहायक सेवाओं के साथ बनने जा रही है।

## इस्पात उद्योग को कार्बन-मुक्त करने योजना लाएगी सरकारः सचिव



**नई दिल्ली** सचिव संदीप पौंड्रिक ने बुधवार को कहा कि सरकार स्वच्छ इस्पात निर्माण प्रौद्योगिकी की स्वीकार्यता को बढ़ावा देने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए 5,000 करोड़ रुपये की योजना पर काम कर रही है। मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी ने राष्ट्रीय राजधानी में 'एफटी लाइव एनर्जी ट्रांजिशन समिट इंडिया' के दौरान यह बात कही।

उन्होंने कहो कि सतत इस्पात के लिए राष्ट्रीय मिशन का प्रस्ताव विचाराधीन है। यह 5,000 करोड़ रुपये की योजना है। पौंड्रिक ने कहा कि इस योजना में देश के सभी इस्पात विनिर्माता शामिल होंगे, जिसमें 75-80 प्रतिशत धनराशि द्वितीयक क्षेत्र की कंपनियों के लिए निर्धारित की गई है। इसका उद्देश्य स्वच्छ प्रौद्योगिकियों और वैकल्पिक सामग्रियों के उपयोग को प्रोत्साहित करके इस्पात उत्पादन में कम कार्बन उत्सर्जन को बढ़ावा देना है। उनकी यह टिप्पणी इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत पेरिस समझौते पर हस्ताक्षरकर्ता है और इसका लक्ष्य शुद्ध-शून्य उत्सर्जन वाला देश बनना है।



# अभिनेत्री ऐश्वर्या लक्ष्मी ने खुद के लिए लिया बड़ा फैसला

मलयालम और तमिल सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री ऐश्वर्या लक्ष्मी ने हाल ही में एक बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने सोशल मीडिया से दूरी बनाकर अपने अभिनय और फिल्मों पर ध्यान केंद्रित करने का ऐलान किया है। ऐश्वर्या का कहना है कि वक्त के साथ उन्होंने महसूस किया कि सोशल मीडिया ने उनकी असली सोच और जीवन की छोटी-छोटी खुशियों को उनसे छीन लिया है। ऐश्वर्या लक्ष्मी ने बताया कि लंबे समय तक उन्हें यह विश्वास दिलाया गया कि एक्टिंग करियर को आगे बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया जरूरी है। इंडस्ट्री में बने रहने और दर्शकों से जुड़े रहने के लिए उन्होंने भी इस तरीके को अपनाया। लेकिन धीरे-धीरे उन्हें महसूस हुआ कि यह प्लेटफॉर्म उनके काम में बाधा बन रहा है। ये ना सिर्फ उनकी तैयारी को प्रभावित कर रहा था, बल्कि उनके निजी जीवन की सहजता भी खो रही थी। उन्होंने पोस्ट करते हुए लिखा कि इंटरनेट की चमक-दमक में फंसकर वह उस ओर मुड़ गईं जो असल में उन्हें करना ही नहीं था। लगातार लाइक और कमेंट्स की होड़ में उनकी भाषा, सोच और अनुभव कहीं न कहीं पीछे छूट गए।
अभिनेत्री ने कहा कि सोशल मीडिया छोड़ना उनके जीवन का पहला मौलिक विचार है, जिसे उन्होंने पूरी तरह अपनाया। उनका मानना है कि कलाकार को किसी सांचे में ढालकर नहीं देखा जाना चाहिए। वह चाहती हैं कि उनकी पहचान उनके अभिनय और सिनेमा से बने, न कि सिर्फ इंस्टाग्राम पोस्ट्स और ट्रेंड्स से। साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि इस फैसले के बाद शायद लोग उन्हें भूल जाएं, लेकिन वह इस जोखिम को उठाने के लिए तैयार हैं।

## सिनेमा पर देना चाहती हैं ध्यान

ऐश्वर्या ने साफ किया कि अब उनका लक्ष्य सिनेमा बनाना और जीना है। वह चाहती हैं कि आगे की उनकी फिल्मों में वही गहराई और संवेदनशीलता झलके, जिसे वह अपनी असल जिंदगी में महसूस करती हैं। उन्होंने कहा कि अगर भविष्य में वह सचमुच कुछ बेहतर रचनाएं करती हैं, तो दर्शक उन्हें पुराने अंदाज में प्यार दें।



# घाटी की परफॉर्मेंस से सदमे में अनुष्का शेट्टी!

## भावुक नोट लिखने के बाद सोशल मीडिया से लिया ब्रेक

अनुष्का शेट्टी ने बाहुबली में देवसेना के रोल में सबका दिल जीत लिया और हर कोई उनका फैन बन गया था। उन्होंने इसके बाद कई और फिल्में कीं, पर अब एक्ट्रेस के एक फैसले ने फैंस को चौंका दिया है। अनुष्का शेट्टी ने सोशल मीडिया से ब्रेक लेने का फैसला किया है और पोस्ट लिखा है। अनुष्का ने यह फैसला अपनी हाल ही रिलीज हुई फिल्म घाटी को मिले ठंडे रिस्पॉन्स के बाद लिया है। अनुष्का शेट्टी का असली नाम है स्वीटी है, पर ऑनस्क्रीन ऐसी धाकड़ हैं कि बड़े-बड़े स्टार्स भी इनके आगे फीके पड़ जाते हैं। फैंस तो उन्हें लेडी सुपरस्टार कहकर बुलाते हैं, पर अब यही सुपरस्टार सोशल मीडिया से ब्रेक ले रही है।




### अनुष्का शेट्टी का भावुक नोट- जल्द मिलूंगी

अनुष्का ने अपने x अकाउंट पर एक नोट लिखा, जिसमें बताया कि वह अब असली दुनिया से जुड़ने के लिए सोशल मीडिया से दूर जा रही हैं। अनुष्का शेट्टी ने लिखा, ब्लू लाइट से कैंडल लाइट की ओर जा रही हूं। कुछ समय के लिए सोशल मीडिया से दूर जा रही हूं ताकि असली दुनिया से दोबारा जुड़ सकूं। जल्द लौटूंगी और भी कहानियों और ढेर सारा प्यार लेकर।

### फैंस हुए मायूस, अनुष्का शेट्टी को यूं दिया हौसला

जहां अनुष्का शेट्टी के सोशल मीडिया से ब्रेक लेने पर फैंस मायूस हो गए, उन्हें इस बात की भी खुशी हुई कि उनकी फेवरेट एक्ट्रेस अब असली दुनिया में लौट रही हैं। एक फैन ने लिखा, ओएमजी! आप रियल वर्ल्ड में वापसी कर रही हैं, इंतजार रहेगा आपका स्वीटी। एक और फैन का ट्वीट है, आपने काफी उतार-चढ़ाव देख लिया है स्वीटी, ये नया नहीं है। अब बस इंतजार है उस लेडी सुपरस्टार का, जिसने इतिहास रचा था। ब्रेक लो और और भी मजबूत होकर लौटो। वहीं, एक और कमेंट ने दिल जीत लिया- स्वीटी, अच्छे डायरेक्टर्स के साथ काम कीजिए, आपकी डेडिकेशन का कोई मुकाबला नहीं। आप ऑल-टाइम बेस्ट हैं।

### अब इस फिल्म में दिखेंगी अनुष्का

अनुष्का शेट्टी की फिल्म घाटी की बात करें, तो यह 5 सितंबर को थिएटर्स में रिलीज हुई। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ठंडी पड़ गई और एक हफ्ते में सिर्फ 6.64 करोड़ रुपये ही कमा पाई है। इसे कृष्णा जगर्लामुड़ी ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में अनुष्का के साथ विक्रम प्रभु हैं। अनुष्का शेट्टी अब जल्द ही रोजिन थॉमस की हॉरर-फैंटेसी थ्रिलर कथानार-द वाइल्ड सोर्सरर में नजर आएंगी। इससे वह मलयालम फिल्मों में डेब्यू करने जा रही हैं। इसमें वह नीला नाम की बुनकर का रोल प्ले करेंगी।



# मेरा लक्ष्य साल में 50 प्रोजेक्ट करना नहीं, बल्कि बेहतरीन काम को चुनना है

**वेटरन एक्टर शक्ति कपूर के बेटे सिद्धांत कपूर इन दिनों वेब सीरीज मंडला मर्डर्स को लेकर चर्चा में हैं। यह साइकोलॉजिकल थ्रिलर सीरीज उन्हें स्क्रिप्ट लेवल पर ही अच्छी लगी। वे कहते हैं... इसकी स्क्रिप्ट की रहस्यमयता और मेरे डार्क किरदार की चुनौती ने मुझे तुरंत हां कहने पर मजबूर कर दिया। मुझे हमेशा ऐसे रोल पसंद आते हैं जो मुझे मेरी सीमाओं से आगे ले जाएं। इस बार भी वही हुआ।**

### सीरीज के कुछ सीन शारीरिक रूप से मेरे लिए बड़े ही चुनौतीपूर्ण रहे...

किरदार की तैयारी को लेकर सिद्धांत खुद को ऑन-द-स्पॉट एक्टर मानते हैं। उन्होंने कहा... मैंने स्विच ऑन और स्विच ऑफ आर्ट का इस्तेमाल किया। हालांकि, शूटिंग आसान नहीं थी। कम रोशनी और रात के सीन, साथ ही एक्शन सीक्वेंस ने काफी मेहनत कराई। एक सीन में हाथ काटने का विजुअल था जो शारीरिक रूप से बेहद ही चुनौतीपूर्ण रहा।

### अलग-अलग तरह के रोल करना ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है...

ओटीटी पर काम को लेकर सिद्धांत बेहद सकारात्मक सोच रखते हैं। उनके मुताबिक, ओटीटी ने सभी के लिए नए दरवाजे खोले हैं। आगे भी मैं हर तरह के रोल निभाना चाहता हूं। चाहे पॉजिटिव हो, नेगेटिव या कॉमेडी। मैं साल में 50 फिल्में करने का इरादा नहीं रखता। करियर में अलग-अलग तरह के रोल करना ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है।

### श्रद्धा के डेडिकेशन से हमेशा कुछ नया सीखने को मिलता है...



बहन श्रद्धा कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करने पर सिद्धांत ने कहा.. अगर हमें कोई अच्छी स्क्रिप्ट मिलती है, तो मैं श्रद्धा के साथ काम करना जरूर पसंद करूंगा। हम दोनों भाई-बहन होने के साथ-साथ अच्छे दोस्त भी हैं और एक-दूसरे को बहुत अच्छे से समझते हैं। हमारे बीच एक नैचुरल बॉन्ड है, जो परदे पर भी झलक सकता है। श्रद्धा एक बेहतरीन एक्ट्रेस हैं, उनकी एनर्जी और डेडिकेशन से हमेशा कुछ नया सीखने को मिलता है।

# कौन हैं रितिका नायक?

## मिराय में जीता सबका दिल



तेजा सज्जा और मांचू मनोज की एक्शन-एडवेंचर से भरी मायथोलॉजिकल फिल्म 'मिराय' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। दर्शकों को फिल्म के विजुअल्स और वीएफएक्स काफी प्रभावित कर रहे हैं। लेकिन इस फिल्म के रिलीज होते ही अगर किसी को सबसे ज्यादा सर्च किया जा रहा है तो वो हैं फिल्म में नजर आई रितिका नायक। रितिका फिल्म की लीड एक्ट्रेस हैं। अब उनकी खूबसूरती और मासूमियत ने लोगों को प्रभावित किया है। दिल्ली में एक ओड़िया परिवार में जन्मीं रितिका नायक ने दिल्ली पब्लिक स्कूल से पढ़ाई की है। साल 2019 में रितिका ने दिल्ली टाइम्स फ्रेश फेस का 12वां सीजन भी जीता है।

### 2022 में किया फिल्मों में डेब्यू

रितिका को शुरू से ही एक्टिंग की दुनिया में जाना था। कई जगह ऑडिशन देने के बाद रितिका को साल 2022 में आई 'अशोक वनमलो अर्जुन कल्याणम' में एक्टिंग करने का मौका मिला। इस फिल्म से रितिका ने तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में अपना डेब्यू किया। इस फिल्म में रितिका के साथ विश्वक सेन और रुखसार ढिल्लन भी प्रमुख भूमिका में नजर आए हैं। इस फिल्म के लिए रितिका को स्ढ्ढढ्ढरूअवॉर्ड में बेस्ट डेब्यू एक्ट्रेस का नॉमिनेशन भी मिला। इसके बाद रितिका 2023 में आई नानी और मृणाल ठाकुर की फिल्म 'हाय नन्ना' में भी नजर आई थीं। हालांकि, इस फिल्म में उनका सिर्फ कैमियो था। इसके बाद अब 'मिराय' रितिका की तीसरी फिल्म है। इस फिल्म में वो मुख्य भूमिका में हैं। इसके अलावा उनकी आगामी फिल्मों में विजय देवरकोंडा के भाई आनंद देवरकोंडा की फिल्म 'डुएट' शामिल है।






# डांस की वजह से ऐक्टर बनने में काफी मदद मिली

डांसर के रूप में वाहवाही बटोरने वाले शांतनु माहेश्वरी अब बतौर ऐक्टर भी लोगों का दिल जीत रहे हैं। गंगूबाई काठियावाड़ी और औरों में कहां दम था जैसी फिल्मों के बाद अब वह फिल्म लव इन वियतनाम में लीड भूमिका निभा रहे हैं। शांतनु के मुताबिक, डांस की वजह से उन्हें ऐक्टर बनने में काफी मदद मिली, क्योंकि हर डांसर में एक ऐक्टर होता ही है।
इन दिनों शांतनु की तरह डांसर रहे राघव जुयाल भी ऐक्टर के रूप में धमाल मचा रहे हैं। ज्यादातर डांसर्स के ऐक्टिंग की ओर रुख करने को लेकर शातनु का कहना है, अगर आप डांसर हैं, तो ऐक्टिंग खुद-ब-खुद आ जाती है। डांस में भी मुद्राएं होती हैं, आपको आंखों से भाव दिखाने होते हैं। आप सिर्फ स्टेप्स करके अच्छे डांसर नहीं बन सकते। आप अच्छे डांसर तभी होते हैं, जब उन भावों को भी दिखाते हैं। डांस आपको रिद्म सिखाता है, जो ऐक्टिंग में भी काम आता है। इसलिए, मेरा मानना है कि डांस से ऐक्टिंग में मदद मिलती है। बाकी, जरूरी नहीं कि हर डांसर आगे ऐक्टर ही बने, यह सबकी अपनी-अपनी चॉइस है।
गंगूबाई काठियावाड़ी और औरों में कहां दम था के बाद शांतनु लव इन वियतनाम में भी एक जुनूनी आशिक की भूमिका निभा रहे हैं। लेकिन आज के घोस्टिंग, बेंचिंग वाले दौर में वह इस शिद्दत वाले प्यार से कितना रिलेट करते हैं? इस पर वह कहते हैं, ये चीजें पहले भी हुआ करती थीं, बस ये शब्द नहीं गढ़े गए थे। वरना दिलफेंक आशिक पहले भी घूमते थे। कैसानोवा पहले भी होते थे। बेंचिंग का कॉन्सेप्ट पहले भी था, बस ये शब्द नहीं बने थे। अब इनका इस्तेमाल ज्यादा होने लगा है। हालांकि, मैं तो शिद्दत वाले प्यार में यकीन करता हूं।
फिल्म में शांतनु के साथ सोशल मीडिया स्टार अवनीत कौर भी हैं। इन दिनों इंडस्ट्री में टैलंट के बजाय सोशल मीडिया फॉलोअर्स के आधार पर कास्टिंग करने को लेकर भी बहस छिड़ी हुई है। इस बारे में शांतनु का कहना है, कभी-कभी इस बात का बुरा लगता है, पर जो चीज चल रही है, उससे आपको समझौता करना पड़ेगा। आपके या मेरे बोलने से कुछ होने नहीं वाला है। मार्केट में अगर यह चल रहा है तो आप इस पर काम करिए या इसे स्वीकार लीजिए। हालांकि, ऐसा नहीं है कि हर कोई इसी आधार पर कास्टिंग कर रहा है, लेकिन निश्चित तौर पर अगर आपके सोशल मीडिया फॉलोअर्स हैं तो बहुत बड़ा प्लस पाइंट है।

### राज सर बोले आज को इंजॉय करो

फिल्म में राज बब्बर जैसे सीनियर अभिनेता के साथ काम के अनुभव पर शांतनु ने बताया, मेरी राज बब्बर सर के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। उन्होंने बिल्कुल बिना किसी फिल्टर के मुझे अपनी जिंदगी के अनुभवों के बारे में बताया। उन्होंने बड़े पते की बात ये कही कि अभी जिस पल में हो उसे एंजॉय करो, क्योंकि हम ऐक्टर्स की जिंदगी इतनी अनिश्चित होती है कि किसी को नहीं पता कि ये वक्त फिर आएगा या नहीं। कभी हर कोई आपके साथ काम करना चाहेगा, तो कभी कोई पानी भी नहीं पूछेगा तो अभी जो है, उसका पूरा लुत्फ लो।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in